




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 35 अंक 289 | कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 19 जुलाई 2024 डाक 20 जुलाई 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
बेंगलुरू के विधान सौधा में विधानसभा सत्र के दौरान राज्य कांग्रेस सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते भाजपा विधायक



**देश-विदेश**
तो दांव-पेंच खेलेगी सपा और कांग्रेस, उपचुनाव को लेकर दोनों दलों के नेता दे चुके हैं संकेत



**फीचर पेज**
अगर आपको भी आ रही है ज्यादा नींद तो समझ जाएं इस विटामिन की हो गई है कमी




## छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर पर बड़ी मुठभेड़, जवानों ने इलाके को घेरा

### कई नक्सलियों के मारे जाने की खबर

**बीजापुर, 19 जुलाई [एजेंसी]।**



छत्तीसगढ़ और तेलंगाना की सीमा पर सुरक्षा बल के जवानों के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ हो रही है। मिली जानकारी के मुताबिक सुरक्षा बल के जवानों ने तेलंगाना और बीजापुर के बॉर्डर पर नक्सलियों की एक बड़ी टीम को घेरा है। मुठभेड़ में कई नक्सलियों के मारे जाने सूचना मिल रही है। सूत्रों के मुताबिक मुठभेड़ में अब तक 1 नक्सली के शव के साथ हथियार बरामद किया है। बीजापुर जिले के इल्मीड़ी के जंगलों में रुक-रुक कर फायरिंग हो रही है। फिलहाल मुठभेड़ की आधिकारिक पुष्टि नहीं है।

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। आईईडी ब्लास्ट में सुरक्षा बल के 2 जवान शहीद हुए, जबकि 4 जवान घायल हो गए। घायल जवानों को एयरलिफ्ट कर रायपुर लाया गया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट बीजापुर जिले के मंडमिरका के जंगलों में किया था।

## साय ने डॉ. बघेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राजधानी रायपुर स्थित डॉ. खूबचंद बघेल व्यवसायिक परिसर, फूल चौक पहुँचे। जहां मुख्यमंत्री डॉ. खूबचंद बघेल जी की 124वीं जयंती समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने डॉ. बघेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा एवं जनप्रतिनिधिगण भी उपस्थित हैं।

### लोकायुक्त ने की कर्नाटक के 12 अधिकारियों के आवास पर छापेमारी

**कर्नाटक।** बमगलूरू शहर में छह अधिकारियों के आवास पर छापा मारा गया। इसके अलावा बमगलूरू ग्रामी जिले के दो अधिकारी, शिमोगा के दो अधिकारी, यदागिरी, तुमकुर में एक-एक अधिकारियों के आवास पर छापेमारी की गई।

## राजकीय सम्मान के साथ एसटीएफ जवान भरत लाल साहू का किया गया अंतिम संस्कार

### नक्सलियों के खिलाफ हमारी लड़ाई मजबूती के साथ जारी रहेगी: सीएम साय



**रायपुर, 19 जुलाई [एजेंसी]।**

राजीव नगर मुक्तिधाम में राजकीय सम्मान के साथ एसटीएफ के जवान भरत लाल साहू का अंतिम संस्कार किया गया। सीएम साय ने शहीद भरत लाल साहू के पार्थिव शरीर को कंधा दिया। हम शहीद जवानों की शहादत को नमन करते हैं। नक्सलियों के खिलाफ हमारी लड़ाई लगातार जारी रहेगी। पूरे प्रदेश में नक्सली सिमटते जा रहे हैं। आने वाले समय में भी हमारी लड़ाई मजबूती के साथ जारी रहेगी गौरतलब है कि एसटीएफ के शहीद आरक्षक भरत लाल साहू रायपुर जिले के रहने वाले थे। पिछले 17 जुलाई को बीजापुर जिले के तर्रेम में एसटीएफ का बल नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना हुआ था। अभियान के दौरान माओवादियों द्वारा लगाए गये आईईडी ब्लास्ट में सुरक्षाबल के दो जवान शहीद और 4 जवान घायल हुए। अंतिम यात्रा के दौरान गृहमंत्री विजय शर्मा, वनमंत्री केदार कश्यप, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक मोतीलाल साहू, डीजीपी अशोक जुनेजा सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और शहीद जवान के परिजन मौजूद थे।

### दो ट्रकों की जोरदार टक्कर से लगी भीषण आग

## दो चालक जिंदा जले और दो घायल, हाईवे पर लगा जाम



**हमीरपुर।** हमीरपुर जिले के कानपुर-सागर हाईवे पर बृहस्पतिवार देर रात करीब 12.30 बजे ब्लैक स्पॉट राठ तिराहा के पास दो ट्रक आपस में भिड़ गए। इससे उनमें आग लग गई। दो चालकों की जिंदा जलकर मौत हो गई। वहीं, दो खलासी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया है। घटना के बाद से सुबह तक हाईवे पर जाम लगा रहा। मृत चालकों की अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है। मौके पर सीओ राजेश कमल समेत यातायात पुलिस मौजूद रही। यातायात को सुचारू रूप से शुरू कराया गया है।

## महाराष्ट्र सरकार ने पूजा खेडकर मामले की जांच रिपोर्ट केंद्र को भेजी, हो सकती हैं बर्खास्त

**मुंबई, 19 जुलाई [एजेंसी]।**



महाराष्ट्र सरकार ने प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर मामले में अपनी जांच रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंप दी है। पूजा खेडकर सत्ता के दुरुपयोग और संघ लोक सेवा आयोग की उम्मीदवारी के दौरान अपने दावों की सत्यता को लेकर विवादों से घिरी हैं। महाराष्ट्र के अतिरिक्त मुख्य सचिव नितिन गराडे की अध्यक्षता वाली महाराष्ट्र सरकार की समिति ने एक सप्ताह की जांच के बाद अपनी रिपोर्ट केंद्रीय कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के साथ ही केंद्र सरकार द्वारा गठित एक सदस्यीय समिति को भी भेज दी है। केंद्रीय कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग को दो सप्ताह में प्रशिक्षु आईएएस पूजा खेडकर के खिलाफ जांच करके अपनी रिपोर्ट देनी है।

महाराष्ट्र सरकार ने अपनी जांच रिपोर्ट में विभिन्न एजेंसियों से प्राप्त दस्तावेजों को भी जोड़ा है। 2023 बैच की आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर के सिविल सेवा में शामिल होने के लिए किए गए दावों की सत्यता की जांच चल रही है। पूजा खेडकर ने खुद के ओबीसी नॉन क्रीमी लेयर से संबंधित होने का दावा किया था, लेकिन उनके पिता, जो पूर्व सिविल सेवक रहे हैं, उन्होंने अपनी संपत्ति 40 करोड़ रुपये बताई थी।

## नदी में मौत की छलांग, दोस्तों के साथ नहाने पहुंचे युवक की मौत

**जशपुर।** जशपुर में नहाने गए युवक की ईब नदी में डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा कि युवक दोस्तों के साथ नहाने नदी गया था। नदी में छलांग लगाने के बाद बाहर ही नहीं निकला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घंटों मशक्कत के बाद युवक का शव बाहर निकाला गया। मार्ग कायम कर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। यह घटना बगीचा थाना क्षेत्र के ग्राम दनगरी की है।

## मशहूर रंगकर्मी मिर्जा मसूद का निधन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मशहूर रंग निर्देशक और आकाशवाणी में वरिष्ठ उद्घोषक रहे मिर्ज़ा मसूद का निधन हो गया। रात 3 बजे उन्होंने अपनी अंतिम सांसें ली। मिर्जा मसूद लंबे समय से बीमार थे। परिवार के लोगों के साथ इंदौर में रह रहे थे। 82 साल की उम्र में उनका निधन हुआ है। मिर्ज़ा मसूद के निधन की खबर से कला जगत और पत्रकारिता जगत में शोक का माहौल है। उन्होंने आकाशवाणी में उद्घोषक के रूप में अपना लम्बा करियर बिताया और रंगमंच के लिए अपना पूरा जीवन बिताया। छत्तीसगढ़ राज्य शासन का चक्रधर सम्मान और चिन्हारी सम्मान सहित दिल्ली के राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एन.एस.डी) में भी विशेष सम्मान प्राप्त मिर्जा मसूद 80 साल की उम्र पार करने के बाद भी वे थेयेटर के लिए समर्पित रहे। कई नाटक लिखे और उनका निर्देशन भी किया।

## यूपी में कांवड़ यात्रियों के लिए सीएम योगी का बड़ा कदम, खाने-पीने की दुकानों पर लगानी होगी नेमप्लेट



**लखनऊ, 19 जुलाई [एजेंसी]।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने कांवड़ यात्रियों के लिए बड़ा कदम उठाया है। पूरे उत्तर प्रदेश में कांवड़ मार्गों पर खाद्य पदार्थों की दुकानों पर नेमप्लेट लगानी होगी। कांवड़ यात्रियों की आस्था की पवित्रता बनाए रखने के लिए यह फैसला लिया गया है। हलाल सर्टिफिकेशन वाले उत्पाद बेचने वालों पर भी कार्रवाई होगी। यह जानकारी मुख्यमंत्री कार्यालय से दी गई है। देशभर में विरोध के बावजूद कांवड़ मार्ग पर खानपान की दुकानों पर मालिक और वहां काम करने वालों का नाम लिखने के फैसले पर योगी सरकार अडिग है। साफ कहा गया है कि पूरे उत्तर प्रदेश में कांवड़ मार्गों पर खाद्य पदार्थों की दुकानों पर नेमप्लेट लगानी होगी। व्यवस्था का अनुपालन नहीं करने वाले होटल, ढाबा व रेहड़ी-ठेली संचालक के विरुद्ध जुर्माने की कार्रवाई की जाए। इसके अलावा हलाल सर्टिफिकेशन वाले प्रोडक्ट्स बेचने वालों पर भी कार्रवाई की बात कही गई है। कांवड़ यात्रा 22 जुलाई से आरंभ हो रही है, ऐसे में इससे पहले सभी को अपने प्रतिष्ठान के बाहर नाम-पते का बोर्ड चस्पा करने का निर्देश दिया गया है। जांच के लिए जिलों में टीमें भी गठित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। पुलिस महानिरीक्षक के अनुसार, कई बार ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जब कुछ लोग पहचान छिपाकर खाद्य पदार्थ बेचते हैं और इसी कारण से विवाद की स्थिति बनती है।

कांवड़ यात्रा के दौरान ओवररेटिंग की शिकायतें भी मिलती हैं, ऐसे में सभी को खानपान की सामग्री की रेट लिस्ट लगाने को भी कहा गया है। पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि यह निर्देश पिछले वर्षों के अनुभव को देखते हुए दिए गए हैं।

### *हरिद्वार क्षेत्र में लगाए 350 कैमरे*



*कांवड़ यात्रा में भारी भीड़ उमड़ने की संभावना के दृष्टिगत पुलिस ने सुरक्षा के लिए हरिद्वार क्षेत्र में 350 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगा दिए हैं। अर्द्धसैनिक बलों की आठ व पीएसी की 12 कंपनी के साथ महिला कमांडो, एसडीआरएफ, डाग स्क्वायड व नागरिक पुलिस को शुक्रवार से ही कांवड़ यात्रा मार्ग और संबंधित क्षेत्र में तैनात कर दिया जाएगा। वहीं, अन्य राज्यों से बिना साइलेंसर वाली बाइक लाकर ध्वनि प्रदूषण करने वाले कांवड़ यात्रियों की बाइक सीज करने के निर्देश दिए गए हैं।*

## पुंछ के आवासीय क्वार्टर की छत पर मिला ग्रेनेड इलाके में मचा हड़कंप, सर्च ऑपरेशन जारी

**पुंछ, 19 जुलाई [एजेंसी]।**



राजा सुखदेव सिंह जिला अस्पताल पुंछ के आवासीय क्वार्टर की छत पर गुरुवार करीब आठ बजे एक पुराना ग्रेनेड बरामद हुआ। पुलिस ने ग्रेनेड को कब्जे में लेकर नजदीकी क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। अस्पताल की स्टाफ नर्स गुलफाम ने बताया कि शाम में करीब पांच से छह बच्चे छत पर खेल रहे थे, तभी उन्हें कोई वस्तु दिखाई दी तो उन्होंने इसकी जानकारी दी। उसके बाद हमने सुरक्षा गार्ड को बताया। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रेनेड को कब्जे में ले लिया। जम्मू कश्मीर में आतंकी हमलों का सिलसिला जारी है। पिछले एक महीने में सात के करीब हमले हो चुके हैं। वहीं सेना के जवानों ने गुरुवार को जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा में दो आतंकियों को मौत के घाट उतार दिया। इसके साथ ही इलाके में तलाशी अभियान चलाया गया।

जम्मू कश्मीर में आतंकी हमलों को देखते हुए सेना ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। जम्मू-श्रीनगर हाईवे पर स्पेशल पुलिस फोर्स तैनात की गई है। चप्पों-चप्पों पर पुलिस की पैनी नजर है। हर जवान के पास बुलेट प्रूफ जैकेट, हेलमेट और असॉल्ट राइफल होंगी। इसके साथ ही पुलिस ने क्राइसिस रिस्पांस टीम (सीआरटी) का भी गठन किया है।

## खुल गया जगन्नाथ मंदिर रत्न भंडार सुरंग को लेकर रहस्य बरकरार

**पुरी, 19 जुलाई [एजेंसी]।**

ओडिशा के पुरी में श्री जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार के इनर चैंबर में सुरंग को लेकर रहस्य बरकरार है। ऐसे में गजपति महाराज दिव्य सिंह देब ने सुझाव दिया कि पुरातत्व विभाग (एएसआई) इसकी जांच के लिए आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर सकता है। रत्न भंडार के भीतरी कक्ष में सुरंग या गुप्त कक्षों की संभावना पर देब ने ये बातें कहीं।

एजेंसी के अनुसार, कई स्थानीय लोगों का मानना है कि मंदिर के रत्न भंडार के भीतरी कक्ष में गुप्त सुरंग है। इस पर दिव्य सिंह देब ने कहा कि एएसआई भंडार की स्थिति जानने के लिए लेजर स्कैनिंग जैसे उन्नत उपकरणों का उपयोग कर सकता है। ऐसी तकनीक से सुरंगों जैसी किसी भी मौजूदा संरचना के बारे में जानकारी की जा सकती है।

## दिल्ली पुलिस ने किडनी रैकेट का किया भंडाफोड़, 8 आरोपित गिरफ्तार

**नईदिल्ली, 19 जुलाई [एजेंसी]।**



दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने आज किडनी के एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस मामले में ज्यादा जानकारी देते हुए कहा कि उसने एक अंतरराज्यीय किडनी रैकेट का भंडाफोड़ किया है और आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी व्यक्ति पांच राज्यों के कई अस्पतालों में जाली दस्तावेजों के आधार पर प्रत्यारोपण कराते थे। अधिकारी ने बताया कि दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा टीम ने एक सप्ताह तक चले अभियान में उन्हें गिरफ्तार किया। अभी हाल ही में दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया है। गिरोह के सात सदस्य गिरफ्तार किए गए थे।

आरोपितों में एक नामी महिला डॉक्टर भी शामिल थी। जांच में पता चला कि यह गिरोह डोनर से 4-5 लाख रुपये में किडनी लेकर उसे 20 से 30 लाख रुपये बेच देते थे। गिरफ्तार आरोपितों से टीम ने पूछताछ की। पूछताछ में पता चला कि आरोपित महिला डॉक्टर चेन्नई से ताल्लुक रखती है। वह दिल्ली में आकर रहने लगी थी, इसी दौरान वह एक रैकेट से जुड़ गईं। इसके बाद इस 50 वर्षीय महिला नामी डॉक्टर ने रैकेट के साथ मिलकर काफी समय तक काम किया।


स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## उत्तराखंड के सीएम पुष्कर धामी के डीप फेक वीडियो से हड़कंप, सुरक्षा एजेंसियों की उड़ी नींद

**काशीपुर, 19 जुलाई [एजेंसी]।**



काशीपुर में सीएम के डीप फेक वीडियो का मामला पूरे प्रदेश में सुर्खियों में बना है। इस मामले को लेकर भले ही लोग अलग-अलग राय व्यक्त कर रहे हों लेकिन सच्चाई यह है कि इस तरह की कारस्तानी समाज के लिए बेहद खतरनाक साबित हो सकती है। काशीपुर में सीएम पुष्कर धामी के डीप फेक वीडियो बनाए जाने से जहां सुरक्षा एजेंसियों की नींद उड़ी हुई हैं, वहीं इस मामले में आरोपित युवक पर पुलिस की कार्रवाई को लेकर इंटरनेट मीडिया में इसके पक्ष और विपक्ष में पोस्ट की होड़ शुरू हो गई है।कहा यह भी जा रहा है कि इस तरह के वीडियो का इस्तेमाल यदि भविष्य में बढ़ता चो गया तो इसके खतरनाक परिणाम सामने आ सकते हैं। पिछले साल ही केंद्र सरकार की ओर से डीप फेक वीडियो को लेकर एडवाइजरी जारी की गई थी। विभिन्न राज्यों में पिछले कुछ माह में ही इसके तहत दर्जनों मामले दर्ज किए जा चुके हैं। डीप फेक वीडियो से अबसंवैधानिक पदों पर आसीन राजनेताओं की छवि धूमिल करने के प्रयास भी होने लगे हैं। उत्तराखंड में भी सीएम का ऐसा ही डीप फेक वीडियो बनाया जा चुका है।

अब इस मामले में केंद्र सरकार की ओर से जारी एडवाइजरी के तहत ही कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। काशीपुर में दो दिन पूर्व एक अस्पताल के एमडी ने एक युवक के खिलाफ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के बारे में सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपित युवक आयुष रावत को पूछताछ के लिए बुलाया था। अब पूरे मामले में आरोपित युवक की ओर से इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर खुद को पुलिस के धमकाने और मारपीट करने का आरोप लगाया जा रहा है। इसे लेकर अब सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर बहस शुरू हो गई है।

## एटीएस ग्रुप पर ईडी का शिकंजा

### ☛ निवेशकों से ठगी के मामले में मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत दर्ज किया केस




**लखनऊ 19 जुलाई।** निवेशकों से ठगी के एक और मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अपनी जांच तेज की है। ईडी ने रियल एस्टेट कारोबार से जुड़े एटीएस समूह के विरुद्ध प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। एटीएस समूह पर लगभग 3400 करोड़ रुपए की परियोजनाओं में निवेशकों को आकर्षक योजनाओं का झांसा देकर फंसाने व उनकी बड़ी रकम हड़पने का आरोप है। ईडी समूह से जुड़ी 63 कंपनियों के विरुद्ध जांच करेगा। एटीएस समूह का कारोबार नोएडा, ग्रेटर नोएडा व यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) में फैला हुआ है। सूत्रों का कहना है कि ईडी ने मामले में ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी व यीडा से एटीएस समूह से जुड़ी जानकारियां जुटाई हैं। ईडी की शुरुआती जांच में पता चला कि समूह ने लगभग 3400 करोड़ रुपए की परियोजनाओं में गड़बड़ी की है। समूह के संचालकों ने आकर्षक योजनाओं का झांसा देकर निवेशकों से अपनी परियोजनाओं में निवेश कराया था। जिसके तहत निवेशकों को तीन वर्ष में फ्लैट उपलब्ध कराने अथवा बढ़ी हुई दरों पर निवेशकों से फ्लैट वापस खरीदने का भरोसा दिलाया था। निवेशकों को पोस्टडेटेड चेक भी थमा दिए गए थे। निर्धारित समय बाद भी लाभ न मिलने पर निवेशकों ने पुलिस से भी शिकायत की थी।

### प्राप्त राशि, व्यय सहित प्रगतिरत कार्यों और नये प्रस्तावों पर हुई चर्चा

# कोरबा जिले के विकास में मील का पत्थर साबित होगी डीएमएफ की राशिः देवांगन

कोरबा । जिला खनिज न्यास संस्थान के अंतर्गत शासी परिषद की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मुख्य अतिथि श्री लखनलाल देवांगन वाणिज्य उद्योग एवं श्रम मंत्री छत्तीसगढ़ शासन तथा सांसद कोरबा लोकसभा क्षेत्र श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत, विधायक कटघोरा श्री प्रेमचंद पटेल, विधायक पाली-तानाखार क्षेत्र श्री तुलेश्वर सिंह मरकाम, विधायक रामपुर श्री फूल सिंह राठिया, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला कंवर सहित अन्य सदस्यों एवं पदेन अध्यक्ष कलेक्टर श्री अजीत वसंत, पदेन सचिव जिला पंचायत सीईओ श्री संबित मिश्रा की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में डीएमएफ अंतर्गत विभिन्न एजेण्डाओं पर चर्चा उपरांत मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना सहित जनहितैषी कार्यों को प्रस्ताव में प्राथमिकता दी गई है, जो कि कोरबा के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने खनन प्रभावित क्षेत्रों को विकास से जोड़ने डीएमएफ जैसी व्यवस्था बनाई। उनके इस पहल से पिछड़े एवं खनन प्रभावित क्षेत्र में विकास कार्य संभव हो पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय प्रदेश सहित कोरबा के विकास के लिए सजग हैं। उन्होंने अनेक विकास कार्यों के लिए बजट में भी प्रावधान किया है। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि जनप्रतिनिधि और अधिकारी अपने क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करते हैं। हम सभी जनप्रतिनिधि जनता से जुड़े हुए हैं और जनता की सेवा हम सभी के लिए प्राथमिकता में हैं। हम सभी चाहते हैं कि कलेक्टर सहित प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के मध्य बेहतर तालमेल हो ताकि जिले का शीघ्रता से विकास हो सके।

शासी परिषद की बैठक में मंत्री श्री देवांगन ने विभागों और जन प्रतिनिधियों से प्राप्त विकास कार्यों के प्रस्तावों पर चर्चा की और कहा कि जिले के विकास से संबंधित प्रस्तावों को प्राथमिकता दी जाएगी। बैठक में सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने कहा कि डीएमएफ की राशि का विकास कार्यों में सदुपयोग होना चाहिए। जो भी कार्य कराए जाएंगे उसमें गुणवत्ता का ध्यान जरूर रखा जाना चाहिए। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने के कार्यों को प्राथमिकता से कराने की बात रखी। विधायक श्री प्रेमचंद पटेल, श्री फूलसिंह राठिया, श्री



तुलेश्वर मरकाम और जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला छत्रपाल सिंह कंवर ने अपने-अपने क्षेत्र में विकास कार्यों का प्रस्ताव देते हुए बैठक में प्रस्तुत प्रस्तावों से जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना सहित अन्य विकास कार्यों को गति मिलने और क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का निराकरण की बात कही। कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने शासी परिषद अन्तर्गत बैठक के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होने शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में रिक्त पदों पर शिक्षकों, चिकित्सकों एवं अन्य महत्वपूर्ण पदों पर भर्ती, विशेष पिछड़ी जनजाति समाज के लोगों को रोजगार से जोड़ने डीएमएफ के माध्यम से किए गए पहल, जिले में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने स्कूल, आंगनबाड़ी भवन के जीर्णोद्धार, प्रतिभावान विद्यार्थियों को नीट-जेईई की कोचिंग व्यवस्था सहित महत्वपूर्ण आवश्यकताओं के आधार पर विभागों द्वारा मंगाये गये प्रस्तावों के संबंध में बताया। बैठक में लगभग 400 करोड़ की कार्ययोजना पर चर्चा हुई। बैठक में निगम आयुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई, डीएफओ कटघोरा कुमार निशांत सहित शासी परिषद के सभी सदस्य, अधिकारी उपस्थित थे।

प्रस्तावों, कार्य योजनाओं पर हुई चर्चा -

बैठक में नोडल अधिकारी, जिला पंचायत सीईओ श्री संबित मिश्रा द्वारा जिला खनिज संस्थान न्यास से जुड़ी जानकारी के साथ वित्तीय वर्ष 2024-25 के कार्ययोजना के अनुमोदन तथा गतिविधियों की जानकारी दी। शासी परिषद की बैठक में जिला खनिज संस्थान न्यास नियम 2015, प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष प्रभावी क्षेत्र भुगतान की स्थिति में राशि की जानकारी, डीएमएफ अंतर्गत प्राप्ति एवं व्यय की राशि की जानकारी, आडिट महालेखाकार द्वारा संपादित ऑडिट की स्थिति की जानकारी, डीएमएफ कार्यालय में पूर्ण एवं रिक्त पदों की जानकारी, डीएमएफ के कार्यों की समीक्षा की जानकारी, डीएमएफ अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की जानकारी, 15 जुलाई 2024 तक सेक्टर अनुसार प्रगति की जानकारी, वित्तीय वर्ष 2023-24 की सेक्टर अनुसार प्रगति की जानकारी, 15 जुलाई 2024 की स्थिति में अप्रारंभ एवं अपूर्ण कार्यों की जानकारी, जिला खनिज न्यास अंतर्गत अनुमोदन की प्रत्याशा में किए गए कार्यों की जानकारी, वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रस्तावित महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

चिर्रा से श्यांग मार्ग, शहर में इंडोर स्टेडियम, लोगों को घर बैठे लैब टेस्ट की सुविधा सहित स्कूल भवनों की स्वीकृति-

जिला खनिज न्यास संस्थान अंतर्गत कोरबा जिले से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यों के लिए प्रस्ताव तैयार किया गया है। बैठक में विभिन्न कार्यों के लिए सदस्यों द्वारा सहमति दी गई है। डीएमएफ अंतर्गत पर्यटन स्थलों के विकास कार्य हेतु 20 करोड़ रूपए, विद्युत विहीन बसाहटों एवं गांव में विद्युतीकरण हेतु 20 करोड़, सभी पीवीटीजी परिवारों की आजीविका संवर्धन गतिविधि हेतु 05 करोड़, चिर्रा से श्यांग तक आवागमन हेतु सड़क निर्माण के लिए 12 करोड़, पहुंच विहीन अमलडीहा-मालीकछार में सड़क निर्माण हेतु 10 करोड़, यातायात एवं सड़क सुरक्षा अंतर्गत विभिन्न कार्यों के लिए लगभग 2.60 करोड़, नगरीय निकाय एवं अधोसंरचना अंतर्गत टी. पी. नगर में वर्ल्ड क्लास इंडोर स्टेडियम/मिनी स्टेडियम के निर्माण हेतु 25 करोड़, जल उपचार संयंत्र कोहड़िया के पास 02 मेगावाट का सोलर प्लांट प्रदाय एवं स्थापना कार्य हेतु 20 करोड़, इंदिरा स्टेडियम में मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य हेतु 1.76 करोड़, टी. पी. नगर स्थित नए बस स्टैण्ड के मरम्मत हेतु 98 लाख, इंदिरा स्टेडियम में स्वीमिंग पुल मरम्मत हेतु 66 लाख एवं बांकीमोंगरा नगर पालिका में विकास कार्य हेतु 05 करोड़ रूपए का प्रस्ताव तैयार किया गया। स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आवासीय व्यवस्था हेतु 20 करोड़, अत्याधुनिक सिटी स्कैन मशीन 128 स्लाइस हेतु 10.44 करोड़ तथा लोगों को घर बैठे लैब टेस्ट की सुविधा प्रदान करने 40 लाख रूपए का प्रस्ताव तैयार किया गया है। शिक्षा के क्षेत्र में जर्जर विद्यालयों के भवन निर्माण/जीर्णोद्धार/अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु 20 करोड़, प्राथमिक विद्यालय तथा नगरीय क्षेत्र के विद्यालयों में ब्रेकफास्ट योजना हेतु 10 करोड़, शैक्षणिक गुणवत्ता हेतु विद्यालय स्तर पर रिक्त पदों के विरूद्ध अतिथि शिक्षकों का मानदेय हेतु 05 करोड़, आश्रम तथा छात्रावासों में शौचालय निर्माण हेतु 05 करोड़, सेजेस अंतर्गत विद्यालयों में अधोसंरचना हेतु 20 करोड़, कॉलेज छात्रावास के जीर्णोद्धार हेतु 2.35 करोड़, मेरिट के आधार पर 50-50 विद्यार्थियों को नीट एवं जेईई की कोचिंग हेतु 04 करोड़ तथा मेधावी छात्रों को स्कॉलरशिप योजना के लिए 50 लाख रूपए का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसके अलावा अन्य महत्वपूर्ण कार्य प्रस्ताव में शामिल किए गए हैं।

## कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने पाली में कन्या छात्रावास एवं शासकीय उद्यान रोपणी पोड़ी का किया निरीक्षण



कोरबा । छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री आदिम जाति व अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग श्री रामविचार नेताम ने आज कोरबा जिले के विकासखण्ड पाली में अपने प्रवास के दौरान कन्या छात्रावास पाली एवं शासकीय उद्यान रोपणी पोड़ी का आकस्मिक निरीक्षण कर सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने विभागीय योजनाओं से आमजनों को प्राथमिकता से लाभांवित करने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर सहायक आयुक्त आदिम जाति विकास विभाग श्री श्रीकांत कसेर, जनपद सीईओ पाली श्री भूपेंद्र सोनवानी, उद्यानिकी विभाग के अधिकारी सहित अन्य खण्ड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

छात्रावास परिसर का अवलोकन कर सुविधाओं का लिया जायजा -मंत्री श्री नेताम ने पाली में आदिवासी विकास विभाग अंतर्गत संचालित प्री मैट्रिक व पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने छात्रावास परिसर में छात्राओं की शैक्षणिक गतिविधियॉं, परिसर की साफ-सफाई, भोजन व्यवस्था, सुरक्षा सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने छात्राओ से हॉस्टल में मिलने वाली सुविधा, भोजन एवं उनकी पढ़ाई के बारे में चर्चा की। मंत्री श्री नेताम ने अधीक्षिका को मेनू अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन प्रदान करने के निर्देश दिए। साथ ही परिसर की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने एवं अधूरे निर्माण कार्य को शीघ्रता से पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया।पोड़ी के शासकीय उद्यान रोपणी में योजनाओं के क्रियान्वयन की ली जानकारी -इस दौरान कैबिनेट मंत्री श्री नेताम द्वारा शासकीय उद्यान रोपणी पोड़ी (लाफा) का औचक निरीक्षण कर रोपणी में उपलब्ध पौधे एवं आगे की तैयारी के संबंध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने रोपणी परिसर का जायजा लेते हुए परिसर में लगे पुराने पेड़ो को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह रोपणी काफी अधिक क्षेत्रफल में विस्तृत है। यहां उद्यानिकी विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन की काफी संभावनाएं हैं। उन्होंने रोपणी में सुविधाओं की विस्तार हेतु आवश्यक कार्यो का प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मंत्री श्री नेताम ने विभागीय योजनाजों से पात्र व्यक्तियों को प्राथमिकता से लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। मंत्री श्री नेताम को उद्यान अधीक्षक ने रोपणी के कार्ययोजना की जानकारी देते हुए बताया कि रोपणी में इस वर्ष आम से लगभग साढ़े सात लाख एवं लीची से 50 हजार की आमदनी हुई है।

## मंत्री लखन लाल देवांगन ने दिव्यांग खिलाड़ियों को व्हील चेयर किया वितरित



कोरबा । वाणिज्य, उद्योग, व्यापार एवं श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने आज कलेक्ट्रेट परिसर में कोरबा दिव्यांग व्हील चेयर क्रिकेट फेडरेशन के दिव्यांग खिलाड़ियों को व्हील चेयर प्रदान करके प्रोत्साहित किया एवं उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान कोरबा लोकसभा सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरण दास महंत उपस्थित थीं।

जिले के 15 दिव्यांग खिलाड़ियों को उनके निरंतर खेल अभ्यास एवं खेल प्रदर्शन को देखते हुए कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने खेल एवं युवा कल्याण विभाग को निर्देशित किया था कि खिलाड़ियों को आगामी विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए उन्हें व्हील चेयर उपलब्ध कराई जाए। आज खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला खनिज न्यास मद से खिलाड़ियों को व्हील चेयर प्रदान की गई। व्हील चेयर पाकर खिलाड़ियों ने खुशी जाहिर की। उल्लेखनीय है कि इन दिव्यांग खिलाड़ियों में से 03 खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट प्रतिस्पर्धा में भाग ले चुके हैं। लक्की सोनी दिव्यांग आईपीएल क्रिकेट प्रतिस्पर्धा में उनका प्रदर्शन कर चुके हैं। व्हील चेयर पाकर खिलाड़ियों ने जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर रामपुर विधायक श्री फूल सिंह राठिया, कटघोरा विधायक श्री प्रेमचंद पटेल, पाली-तानाखार विधायक श्री तुलेश्वर सिंह मरकाम, कलेक्टर श्री अजीत वसंत उपस्थित थे।

### एसईसीएल कुसमुंडा को सौंपा गया ग्राम खम्हरिया के जमीन का आधिपत्य

कोरबा । ग्राम खम्हरिया मे एसईसीएल कुसमुंडा को जमीन का आधिपत्य सौंपा गया। ग्राम खम्हरिया एसईसीएल कुसमुंडा का अर्जित ग्राम है, जिसका अर्जन 1980 के दशक में हो चुका है। लगभग 100 एकड़ जमीन एसईसीएल कुसमुंडा विकास कार्य करेगी। उक्त भूमि पर कुसमुंडा क्षेत्र के ग्राम पाली और खोडरी के भू- विस्थापितो को बसाहट दिया जायेगा। भू विस्थापितो को बसाने के पूर्व ग्राम खम्हरिया स्थित भूमि पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओ का विकास किया जा रहा है।

## वन्य प्राणियों की शिकार कर मांस बेचने के लिए रखा था



कोरबा। जंगली जानवरों का शिकार कर शिकारी फरार हो गए। टीम ने बंद घर का ताला तोडक़र जंगली सूअर और चीतल के अवशेष बरामद करने के साथ ही इनके शिकार में प्रयुक्त सामाग्रियों की बरामदगी की है।कटघोरा वनमंडल के अंतर्गत वन परिक्षेत्र पाली के मुनगाडीह परिसर के अधीन आने वाले ग्राम दमिया में अवैध शिकार करने की सूचना वनमंडलाधिकारी कुमार निशांत को मिली थी। उन्होंने तत्काल पाली रेंजर को निर्देशित कर टीम गठित किया और उप वनमंडलाधिकारी पाली के नेतृत्व में ग्राम दमिया में उक्त स्थान पर दबिश दी गई। अमले के पहुंचने से पहले शिकारी फरार हो गए और उक्त घर में ताला लगा हुआ मिला। सर्च वारंट प्राप्त कर पंचनामा तैयार कर ताला तोड़ा गया। घर के भीतर से 1 जंगली सुअर का शव 38 किलो, 9 बंडल सेटिरंग तार, 2 नायलोन जाल, 1 नग फरसा, 1 प्लास्टिक बोरी खून सना हुआ, 2 नग लकड़ी का गुटका, चीतल का मांस कटा हुआ बाल्टी में 16 किलो एवं बोरी में 38 किलो, नायलोन का जाली 2 गुच्छा, चीतल का सींग 4 नग, 1 नग चीतल का सिर ढाई किलो, 2 बंडल बिजली तार, 1 नग कुल्हाड़ी, 1 हीरो स्प्लेंडर दुपहिया वाहन क्रमांक- सीजी 10 बीएच 0370 जप्त किया गया। डीएफओ ने बताया कि मुख्य आरोपी महेन्द्र गंधर्व पिता संतराम गंधर्व, सुरेन्द्र गंधर्व पिता संतराम गंधर्व, महावीर गंधर्व पिता धर्मेन्द्र, विरेन्द्र गंधर्व पिता संतराम गंधर्व सभी निवासी ग्राम दमिया पर वन्य प्राणी अधिनियम 1972 के तहत कार्यवाही कर तलाश की जा रही है। जप्त जंगली सूअर एवं चीतल के मांस पशु चिकित्सक पाली के द्वारा पोस्टमार्टम कर अंतिम संस्कार किया जाएगा। कार्यवाही में मुख्य रूप से परिक्षेत्र अधिकारी पाली, यशमन कुमार आडिल, दीपक कुमार पटेल, राजेश कुमार धिरही, श्रीमती सविता पटेल, श्रीमती अनिता कुंवर, विरेन्द्र कुमार, नंदकिशोर सिंह आरआई, शिवकुमार डहरिया, पुलिस थाना पाली के साथ संयुक्त कार्यवाही किया। उपरोक्त अपराधी की सूचना प्राप्त होने पर मोबाइल नंबर 6264557647 अथवा 8319774533 पर सूचना देने पर उचित ईनाम दिया जावेगा।

### खाद्य कारोगारियों को प्रशिक्षण देने हेतु खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने चेंबर ऑफ कॉमर्स को लिखा पत्र

कोरबा। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम एवं विनियम 2011 के अतंर्गत समस्त खाद्य कारोबार कर्ताओं को खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण भारत सरकार नई दिल्ली के द्वारा अनुमोदित एजेंसीस से समय-समय पर प्रशिक्षण प्राप्त करना आवश्यक है। पूर्व में प्रदाय किये गये प्रशिक्षण जिसकी अवधि 02 वर्ष की होती है, वह समाप्त हो चुकी है। खाद्य कारोबार कर्ताओ को उक्त प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य है, प्रशिक्षण का उल्लेख एवं प्रमाण-पत्र लाइसेंस के नवीनीकरण में प्रस्तुत करना होगा अन्यथा आगे लाइसेंस नवीनीकरण नहीं हो सकेगा तथा ऑनलाइन खाद्य कारोबार कर्ता को नोटिस जा सकता एवं लाइसेंस निलंबित/रद्द हो सकता है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ राज्य में भारत सरकार द्वारा प्रशिक्षण हेतु अनुमोदित संस्था प्रखर फांउडेशन के द्वारा खाद्य कारोबार कर्ताओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण शुल्क निर्धारित एजेंसी के द्वारा रसीद के माध्यम से प्रदाय लिया जावेगा।अत: जिले के समस्त खाद्य कारोबार कर्ताओ को वांछित प्रशिक्षण हेतु सूचित कर प्रशिक्षण की तिथि से अवगत कराने का कष्ट करें। ताकि जिले के खाद्य कारोबार कर्ताओं को आवश्यक प्रशिक्षण समय पर प्रदाय किया जा सके तथा उन्हे व्यापार में किसी प्रकार की आगे परेशानी न हो।

## कौशल विकास कार्यक्रमों का विस्तार किया वेदांता एल्यूमिनियम ने

कोरबा । विश्व युवा कौशल दिवस के मौके पर भारत की सबसे बड़ी एल्यूमिनियम उत्पादक वेदांता एल्यूमिनियम ने युवा सशक्तिकरण के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए अपनी सभी लोकेशनों पर कौशल विकास कार्यक्रमों के विस्तार की घोषणा की है। इन कार्यक्रमों का लक्ष्य है ग्रामीण युवाओं की कौशल वृद्धि, प्लेसमेंट-लिंक्ड प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें अकुशल श्रेणी से अर्ध-कौशल श्रेणी में लाया जाता है। इस लक्ष्य की दिशा में कंपनी ने कई प्रतिष्ठित प्रशिक्षण संस्थानों के साथ सहयोग किया है जैसे नेशनल बैंक फॉर ऐग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट (नाबार्ड), ओडिशा स्किल डेवलपमेंट अथॉरिटी (ओएसडीए) और स्किल डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (एसडीआई) आदि। इन प्रयासों के जरिए वेदांता एल्यूमिनियम भारत के युवाओं को मदद दे रही है कि वे स्थिर आजीविका अर्जित कर सकें और अपने समुदायों व राष्ट्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान दे सकें।

एक मजबूत कौशल ढांचे का पालन करते हुए वेदांता एल्यूमिनियम अपनी कौशल विकास पहलों एवं संस्थागत सहयोगों के द्वारा अब तक लगभग 14,000 युवाओं को प्रशिक्षित कर चुकी है। प्रशिक्षु जब अनुभव प्राप्त करते हैं और अपने कौशल में सुधार करते हैं तो वे अच्छी आय वाली नौकरियों के पात्र हो जाते हैं, जिससे उन्हें सुरक्षित रोजगार मिलता है और समय के साथ-साथ उनकी वेतन वृद्धि भी होती है। जब इन प्रशिक्षुओं की सफलता दिखाई देती है तो इससे सीखने की संस्कृति को बढ़ावा मिलता है, इलाके के अन्य युवा भी इन कार्यक्रमों के नामांकन के लिए प्रोत्साहित होते हैं, फलस्वरूप निरंतर सुधार की राह बनती है। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में उन ट्रेड्स को शामिल किया जाता है जिनकी बाजार में निरंतर मांग रहती है, ये कार्यक्रम सुनिश्चित करते हैं कि सतत् रोजगार संभावनाएं बनी रहें जो उद्योग की आवश्यकताओं की पूर्ति करें।

वेदांता एल्यूमीनियम के सीईओ जॉन स्लेवन ने कहा, ''हमारा ध्येय है कि जहां हमारा प्रचालन है उन क्षेत्रों में सामाजिक-आर्थिक स्तर में बेहतरी के लिए युवा आबादी को कुशल बनाया जाए। हम उन्हें ऐसे कौशल प्रदान करते हैं जो बाजार के लिए उपयोगी होते हैं। हम निरंतर सीखने की संस्कृति को प्रोत्साहित करते हैं। इस तरह हम न केवल उन्हें उनका भविष्य सुरक्षित करने में मदद कर रहे हैं बल्कि देश के दूरस्थ इलाकों को सामाजिक-आर्थिक मुख्यधारा में भी लेकर आ रहे हैं। अब तक हम तकरीबन 14,000 युवाओं को प्रशिक्षित कर चुके हैं तथा विश्व युवा कौशल दिवस के मौके पर हम कौशल की कमी दूर करने और भारत में लीडरों एवं आविष्कारकों की अगली पीढ़ी को आकार देने में मदद हेतु अवसरों की रचना के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हैं।''

### देवेन्द्र को उप संचालक कृषि का प्रभार

कोरबा। कलेक्टरअजीत वसंत ने प्रशासनिक व्यवस्था के दृष्टिकोण से श्री अजय अनंत, उप संचालक कृषि कोरबा के अवकाश अवधि तक आगामी आदेश पर्यन्त श्री देवेन्द्र कुमार, सहायक संचालक कृषि कोरबा को अपने कार्यों के साथ-साथ उनका सम्पूर्ण प्रभार सौंपा है।

## भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा वार्डों के कार्यकर्ता तय करेगें प्रत्याशी




कोरबा/भारतीय जनता पार्टी जिला कोरबा विस्तारित जिला कार्य समिति की बैठक 18 जुलाई 2024 को सीनियर क्लब सीएसईबी पूर्व कोरबा में रखी गई । भाजपा की विस्तारित जिला कार्य समिति में मुख्य रूप से प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय , संभाग प्रभारी अनुराग सिंह देव, केबिनेट मंत्री लखन लाल देवागन, जिला प्रभारी गोपाल साहू, पूर्व विधायक ननकी राम कंवर, विधायक कटघोरा प्रेमचंद पटेल, जिलाध्यक्ष डॉक्टर राजीव सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक चावलानी, पवन गर्ग,नेता प्रति पक्ष निगम हितानंद अग्रवाल महामंत्री द्वय संतोष देवागन, टिकेश्वर राठिया, कोषाध्यक्ष गोपाल मोदी, जिले के पदाधिकारी व कार्यसमिति के सदस्य, मंडल अध्यक्ष व महामंत्री एवं सभी मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्ष एवं संयोजक गण, सहित अन्य अपेक्षित कार्यकर्तागण उपस्थित रहे ।भाजपा की विस्तारित जिला कार्य समिति को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री श्री पवन साय ने कहा की भाजपा संगठन द्वारा सेवा सप्ताह का कार्यक्रम चलाया जाता है । सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का कार्य हमारे कार्यकर्ता करते है ।उन्होंने आगे कहा की हम भविष्य मे क्या करना चाहते है, यह गुरु पूर्णिमा के दिन इसका प्रण करना चाहिए । प्रकृति से मनुष्य लेता अधिक है, लेकिन देता कम है । आज प्रकृति से लिए ऋण को चुकाने का समय है । इसके ठीक विपरीत जीव जंतु पेड पौधे प्रकृति से जितना लेते है उससे अधिक देते है इस लिये प्रकृति पर ध्येय बनाने का काम जो है मनुष्य कर सकता है अगर मनुष्य के आधार पर आकलन करेंगे तो भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हीं प्रकृति मनुष्य जीव जंतु पेड पौधे के बारे मे सोचने व्यवहार करने का काम करते है ।आगामी आने वाले नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को दृष्टिगत रखकर उन्होंने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन प्रदान करते हुए कहा कि वार्डो के कार्यकर्ता हीं तय करेंगे की कौन प्रत्याशी जीत सकता है कौन नहीं हम कार्यकर्ता के दम से चुनाव लड़ेंगे, चाहे वह जनपद पंचायत या जिला पंचायत,नगर पंचायत, नगर निगम, नगर पालिका, या महापौर, हमारे लिये हमारे संगठन के कार्यकर्ता हीं सर्वोपरि है । कार्यकर्ताओ के बल बुते पर हीं संगठन आज मजबूती से कार्य कर रहा है । आज कार्यकर्ता के हीं दम से हमने छत्तीसगढ़ मे अपनी सरकार बनाई है और आगे भी हमें भरोषा है की कार्यकर्ता हीं सरकार बनाएंगे। भाजपा की विस्तारित जिला कार्य समिति को छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री श्री लखन लाल देवांगन संभागीय संगठन प्रभारी श्री अनुराग श्री देव एवं जिला संगठन प्रभारी श्री गोपाल साहू ने भी संबोधित किया बैठक की प्रस्तावना भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह ने रखी कार्यक्रम का संचालन महामंत्री श्री संतोष देवांगन ने एवं आभार प्रदर्शन टिकेश्वर राठिया ने किया । विस्तारित जिला कार्य समिति का समापन समस्त कार्यकर्ताओं ने खड़े होकर राष्ट्रगान के साथ किया ।

### शिक्षिका को हटाने की रखी मांग

कोरबा। कोरबा जिले के विकासखंड पाली के शासकीय प्राथमिक शाला हरणमुड़ी मोहल्ला नाकापारा के बच्चे आज पाली विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंच गए। उन्होंने शाला में पदस्थ एक शिक्षिका पर मनमर्जी करने, दुर्व्यवहार करने और स्कूल के आसपास के घर वालों को लड़ाने का काम करने का आरोप लगाते हुए उसे तत्काल संस्था से अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग रखी।ग्राम पंचायत हरणमुड़ी के कुछ जनप्रतिनिधियों और अभिभावकों के साथ पहुंचे बच्चों ने शाला में पदस्थ एक शिक्षिका सीमा अग्रवाल पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। उन्होंने पाली विकासखंड शिक्षा अधिकारी को बताया कि शिक्षिका सही ढंग से पढ़ाती नही है ,बल्कि आसपास घरों के ग्रामीणों को लड़वाने का काम करती है। बच्चों ने यह भी बताया कि शिक्षिका का स्कूल में आने और जाने का समय निर्धारित नहीं है। बच्चों से गलत व्यवहार करना, शालेय कार्यों छोड़कर अन्य कार्यों में संलग्न करना आदि जैसे कई अन्य आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि वे इस शिक्षिका से त्रस्त आ चुके हैं, इनको तत्काल अन्यत्र स्थानांतरित किया जाए।

# गुणवत्ता के अनुरूप नहीं मिल रहा श्रमिकों को भोजन



**जांजगीर- चांपा।** शहीद वीर नारायण सिंह श्रमिक अन्न् योजना के तहत श्रमिकों को 5 रूपए में भोजन देने की शुरूवात जिला मुख्यालय में केरा रोड बस स्टैंड के भवन में फरवरी महीने में किया गया था। यहां श्रमिक भी बड़ी संख्या में भोजन करने पहुंचते हैं मगर यहां उन्हें गुणवत्ता के अनुरूप भोजन नहीं मिलता।

यहां खाने में लौकी की सब्जी तो ठीक थी मगर दाल में पानी और हल्दी ज्यादा था। वहीं श्रमिकों को खाना खाने के बाद थाली धोकर रखना पड़ता है।राज्य सरकार द्वारा फरवरी माह में जिला मुख्यालय में शहीद वीर नारायण सिंह श्रमिक अन्न् योजना की शुरूवात की गई। इस योजना के तहत श्रम विभाग में पंजीकृत श्रमिकों को 5 रूपए में भोजन दिया जाता है। भोजन में एक थाली में 4 सौ ग्राम चावल, 100 ग्राम दाल, 100 ग्राम सब्जी तथा 10 ग्राम अचार या चटनी और आरओ का पानी दिया जाना हैं।

सप्ताह में श्रमिकों को 6 दिन भोजन उपलब्ध कराया जाना है। श्रम विभाग द्वारा एक थाली भोजन के लिए 52 रूपए 65 पैसा निर्धारित किया गया है। जिसमें मात्र 5 रूपए श्रमिक को देना हैजबकि 47 रूपए 65 पैसा श्रम विभाग द्वारा दिया जाता है मगर भोजन की गुणवत्ता शर्तों के मुताबिक नहीं है। पतली दाल , लौकी की सब्जी और छोटा सा पापड़ तथा आचार परोसा गया था।

पहले दिन जब फरवरी माह में इस योजना की शुरूवात की गईतो श्रमिकों को दो सब्जी और दाल चावल के साथ वित्त मंत्री ओपी चौधरी अन्य जनप्रतिनिधि और कलेक्टर के द्वारा परोसा गया था। श्रमिकों ने भी यहां भोजन कर यह महसूस किया कि उन्हें अब काम करने जाने के दौरान भोजन की चिंता नहीं होगी। वे यहां भोजन करने पहुंचते भी हैं मगर यहां भोजन में कभी दाल नहीं बनती तो कभी उसमें पानी ज्यादा और दाल कम होता है।

इतना ही नहीं श्रमिकों को भोजन के बाद अपनी जूठी थाली खुद धोना पड़ता है। जिस थाली के लिए संबंधित व्यक्ति को 52 रूपए 65 पैसे भुगतान किया जाता है वह थाली अगर श्रमिकों को धोना पड़े तो यह उनके स्वाभिमान के खिलाफ है मगर जिम्मेदारों को इससे कोई सरोकार नहीं है।

वहीं पंजीकृत श्रमिकों के अलावा बस स्टैंड के यात्रियों को भी यहां भोजन कराकर पंजीकृत श्रमिकों का नाम दर्ज कर दिया जाता है। श्रम विभाग का कार्यालय अन्य योजना केंद्र से महज 3 सौ मीटर है और अधिकारी भी इसी मार्ग से आना करते हैं मगर इनको इससे कोई सरोकार नहीं है।

**दाल भात केंद्र से भी दयनीय स्थिति**

शहीद वीर नारायण सिंह श्रमिक अन्न् योजना से पहले भाजपा सरकार ने दाल भात केंद्र का संचालन होता था। इसमें 5 रूपए में किसी भी व्यक्ति को भोजन दिया जाता था। इसमें भी लोगों को चावल, दाल और सब्जी दी जाती थी। साथ में अचार भी मिलता था जबकि दाल भात केंद्र के संचालकों को शासन से अतिरिक्त राशि थाली के हिसाब से नहीं मिलती थी। चावल शासकीय उचित मूल्य की दुकान से कम कीमत में उपलब्ध कराई जाती थी इसके बाद भी वहां लोगों को अपनी थाली नहीं धोना पड़ता था। यहां एक थाली का 52 रूपए 65 पैसे मिलने के बाद भी योजना का संचालन करने वाली संस्था द्वारा जूठा धोने के लिए एक कर्मचारी का इंतजाम नहीं किया गया है।

**अधिकारी अंजान**

श्रम विभाग का कार्यालय भी भोजन सेंटर से महज 300 मीटर की दूरी पर है इसके बाद भी यहां श्रमिकों को शासन द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुसार भोजन नहीं मिल रहा है।

52 रूपए 65 पैसे भुगतान होने के बाद भी अगर श्रमिकों को थाली धोना पड़ता है तो यह दुखद स्थिति है। विधानसभा में ध्यानाकर्षण में यह मुद्दा उठाया जाएगा। भोजन देने के लिए जो संस्थान जिम्मेदार हैं उसको एक कर्मचारी थाली धोने के लिए रखना चाहिए। खाना खिलाने के बाद थाली धोना श्रमिकों के आत्म सम्मान के विरूद्ध है।

ब्यास कश्यप,विधायक
जांजगीर-चांपा

## गौ रक्षा वाहनी के प्रदेश महासचिव व साथियों के साथ मारपीट कर मोबाईल लूटा



**सक्ती।** राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी के प्रदेश महासचिव गौ सेवक मयंक ठाकुर एवं उनके साथियों पर ग्राम मसनिया के पास अज्ञात लोगों ने मारपीट की और उनसे मोबाइल और पैसे भी लूट लिए ।जानकारी के अनुसार उन्हें सूचना मिली थी कि पशुओं का व्यापार करने वाले कुछ लोग गायों को दूसरे जगह ले जा रहे हैं। सूचना मिलने पर मयंक ठाकुर अपने साथियों के साथ गायों को मुक्त कराने शाम को मसनिया के पास पहुंचे और गायों को छोड़ने को कहा। गायों को मुक् त कराने के बाद वे वापस लौट रहे थे इसी दौरान 5ः20 बजे 12 से 15 लोग बोलेरो और स्वीफ्ट में आए और उन्हें मारने का प्रयास किया। मयंक ठाकुर पर ईंट, पत्थर और हथियार से वार किया गया। जिससे मयंक ठाकुर की पीठ, मुंह एवं कोहनी में चोटें आई है ।उसे उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना पुलिस को भी दी गई जिस पर पुलिस अस्पताल पहुंची और मयंक ठाकुर का बयान लिया गया है पुलिस कार्रवाई कर रही है । नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष और गौ सेवक संरक्षक श्याम सुंदर अग्रवाल भी अस्पताल पहुंचे और मयंक ठाकुर का हालचाल जाना।

## अघोर आश्रम पोड़ीदलहा में 21 को गुरु पूर्णिमा उत्सव

**अकलतरा।** गुरु पूर्णिमा हिंदुओं के प्रमुख पर्वों में से एक है। इस दिन लोग अपने-अपने गुरुओं का सम्मान करते हैं और उपहार भी देते हैं और गुरु अपने शिष्यों को आशीर्वाद देते हैं। इस बार गुरु पूर्णिमा का उत्सव 21 जुलाई को मनाया जाएगा।

इस अंचल का सबसे प्रसिद्ध धार्मिक व आध्यात्मिक केंद्र अघोर पीठ जन सेवा अभेद आश्रम पोंडी दल्हा में होने वाले गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाने रविवार को हजारों भक्त जुटेंगे। गुरु पूर्णिमा पर जहां गुरु अपने शिष्यों को आशीष वचनों व आशीर्वाद से कृतार्थ करेंगे, वहीं शिष्य अपनी कृतज्ञता प्रकट करेंगे। इस दिन को खास बनाने के लिए आश्रम पर तैयारी जोर-शोर से चल रही है। इस अवसर पर भजन, कीर्तन, नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर, भंडारे व रात के समय सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। समिति के सदस्यों ने बताया कि क्षेत्र के साथ-साथ महाराष्ट्र, बिहार, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, झारखंड, ओडिशा के साथ अन्य प्रदेशों से गुरु भक्त गुरुपूर्णिमा मनाने के लिए यहां आएंगे।

गुरु पूजन और भंडारे का आयोजन अघोर आश्रम में गुरु पूजन, भंडारे व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी होगा। आश्रम के व्यवस्थापक गोपाल राम ने बताया कि गुरुदेव को मानने वाले और अघोर आश्रम के अनेक प्रकल्पों में योगदान देने वाले देश भर से हजारों भक्त सोमवार को यहां जुटेंगे। अघोर आश्रम के संस्थापक परम पूज्य गुरुदेव कापालिक धर्म रक्षित राम बाबा जी का उनके शिष्य पूजा करेंगे।

### विदाई व सम्मान समारोह आज

**बिर्रा।** संकुल केन्द्र बिर्रा सिलादेही में सेवानिवृत्त शिक्षक शिक्षिका का विदाई सम्मान समारोह आज 19 जुलाई दिन शुक्रवार को शासकीय प्राथमिक शाला बिर्रा के परिसर में आयोजित हुआ। सेवानिवृत्त व्याख्याता मनोज कुमार तिवारी, रामकिशोर शुक्ला प्रधान पाठक, लक्ष्मी देवांगन प्रधान पाठक, हीरालाल कश्यप प्रधान पाठक शकुन का सम्मान किया गया।

## कोसीर में गंदा पानी पीने से डायरिया के शिकार हुए ग्रामीण



**पामगढ़।** ग्राम कोसीर में टंकी की पानी पीने की वजह से लोग डायरिया के शिकार हुए थे। लोगों के घरों में टंकी से लाल रंग का पानी आ रहा था। डायरिया से 150 से अधिक ग्रामीणों के बीमार पड़ने और तीन लोगों की मौत के बाद पानी टंकी की सफाई कराई गई है।

पामगढ़ ब्लाक के ग्राम कोसीर के ग्रामीण चार दिन पहले उल्टी दस्त करने लगे। इसके बाद मंगलवार को 50 से अधिक ग्रामीणों की तबीयत बिगड़ गई जिस पर इलाज के लिए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पामगढ में भर्ती कराया गया। इसके बाद गांव में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कैंप लगाया गया। बुधवार को डायरिया पीड़ित ग्रामीणों की संख्या और बढ़ गई।

वहीं एक 17 वर्षीय किशोर सहित दो बुजुर्ग ग्रामीण की मौत हो गई। शिविर में 90 लोगों की जांच की गई। जिसमें से चार ग्रामीणों की गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया। तीन मौत के बाद प्रशासन में भी हड़कंप मच गया। शाम को कलेक्टर गांव पहुंचे और ग्रामीणों का हाल चाल जाना। ग्रामीणों ने बताया कि पानी टंकी से घरों में लाल रंग का पानी आ रहा था।

जिसको पीने के बाद लोग उल्टी दस्त करने लगे। वहीं मिले आठ और नए मरीज ।कलेक्टर ने पीएचई विभाग को पानी की जांच करने के निर्देश दिए और जल्द से जल्द रिपोर्ट उपलब्ध करवाते हुए साफ पानी सप्लाई की सप्लाई की व्यवस्था करने भी कहा है। इसके बाद पानी टंकी की सफाई कराई गई।

## हाई स्कूल के पास अवैध कब्जे पर बुलडोजर चलाया नगर पालिका ने

**जांजगीर।** नगर पालिका जांजगीर-नैला क्षेत्र में अवैध कब्जा मकान, दुकान बनाने का सीलसील थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को ऐसे ही स्कूल की जमीन में अवैध कब्जा कर मकान बनाने वाले लोगों के खिलाफ नगर पालिका व राजस्व की टीम ने कार्रवाई की है। टीम ने अवैध रूप से बने मकान को तोड़ दिया।

कब्जा कर मकान बनाने के लिए जमीन घेरने वाले लोगों को समझाइश दी है। नगर पालिका सीएमओ प्रहलाद पाण्डेय ने बताया कि नगर पालिका को नैला में हाई स्कूल से लगे कई जगह में अवैध बेजा कब्जे करने की शिकायत मिली थी। शिकायत पर अवैध कब्जा करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। नगर पालिका एवं राजस्व विभाग पुलिस विभाग की मदद से अवैध कब्जा हटाया गया है। साथ ही नैला हाई स्कूल के आस-पास बड़ी संख्या में अवैध निर्माण हो रहे थे। उन निर्माण पर भी तत्काल रोक लगा दी गई है। स्कूल के मैदान पर कई अवैध कब्जा करने वाले लोगों को पूर्व में नोटिस व समझाइश भी दी गई थी।


**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, मिनीमाता बांगो बांध संभाग क्र.3, माचाडोली, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**शुद्धि पत्र क्र.1**

निविदा सूचना क्र. 03/व.ले.लि./2024-25 माचाडोली, दिनांक 02.07.2024 निविदा सिस्टम नं. 155637 (प्रथम आमंत्रण) जिसका जी.क्र. 242500798 दिनांक 05.07.2024 में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है -

| स. क्र. | विवरण | पूर्व प्रसारित तिथि | संशोधित तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Bid Start date & time (The date and time from which bidders start preparation/submission of their bid response, before this bidder's action will not be allowed.) | 09.07.2024 | 22.07/2024 | 17.31 |
| 2. | Bid Due date & time (The last date & time for submission of bid response, after which no bids can be submitted.) | 23.07.2024 | 05.08.2024 | 17.30 |
| 3 | Bid Open, Start date & time (The date of opening of Envelope-A & B online) | 24.07.2024 | 06.08.2024 | 11.30 |

नोटः- निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालन अभियंता
मिनीमाता बांगो बांध संभाग क्र.3
माचाडोली, जिला-कोरबा (छ.ग.)

जी-242501162/6


## वेतन व अन्य मांगों को लेकर निकाय कर्मियों ने काली पट्टी लगाकर किया काम



**जांजगीर - चांपा।** नवनियुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के आह्वान पर नगरीय निकाय के अधिकारी कर्मचारियों ने वेतन भुगतान सहित अन्य मांगो को लेकर मोर्चा खोल दिया है। जिसके तहत 18 एवं 19 जुलाई को नगरीय निकाय कर्मचारी दो दिवस काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

इसकी शुरुआत गुरुवार से हो गई है। पहले दिन कर्मचारियों ने काली पट्टी लगाकर काम किया। नगरीय निकाय के अधिकारी कर्मचारियों को एक से लेकर चार माह तक का वेतन नहीं मिला है। प्रति माह वेतन भुगतान नहीं होने के कारण निकायों के नियमित एवं प्लेसमेंट कर्मचारी आर्थिक तंगी एवं परेशानियों से जूझ रहे हैं।

प्रति माह लंबित वेतन भुगतान सुनिश्चित हो इस पर ना ही शासन द्वारा कोई सार्थक प्रयास किया जा रहा है और न ही नगरीय निकाय द्वारा किसी तरह का प्रयास किया जा रहा है। जिसके कारण चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है। नगरीय निकाय महासंघ की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार चरणबद्ध एवं शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है ताकि कर्मचारियों के वेतन की समस्या को शासन स्थान पर ध्यान आकर्षण किया जा सके।

### भू-विस्थापितों को नौकरी देने की रखी गई मांग

**जांजगीर-चाम्पा।** अधिग्रहित निजी कृषि भूमि के एवज में आदर्श पुनर्वास नीति 2007 के प्रावधानों के अनुरूप शैक्षणिक योग्यता आईटीआई व इंजीनियरिंग के अध्ययन पर संयंत्र परिचारक श्रेणी- 2 के पद पर नियमित नियुक्ति प्रदान करने के लिए मड़वा पावर प्लांट के समस्त भू-विस्थापितो ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर जांजगीर-चाम्पा व क्षत्रिय विधायक ब्यास कश्यप को सौंपा है। ज्ञापन में भू-विस्थापितों ने बताया कि पैतृक कृषि भूमि आजीविका का मूल स्त्रोत था। भूमि का अधिग्रहण मड़वा तेन्दूभाठा, जांजगीर के अटल बिहारी वाजपेयी मड़वा तेन्दूभाठा, ताप विद्युत गृह के परियोजना में आवासीय परिसर, सीधी सड़क, रेलवे लाइन, पाइप लाइन, राखड़ बांध के लिए 16 गांव के भूमि को अधिग्रहित किया है। छत्तीसगढ़ शासन आदर्श पुनर्वास नीति के अंतर्गत मुआवजे के अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यतानुसार नियमित नियुक्ति, भत्ता एवं अन्य पुनर्वास लाभ देने के लिए कैम्प लगाकर नामांकन फार्म भरवाया था। भाजपा के शासन में कुछ भू-विस्थापित को नियमित नियुक्ति दी है।

शासन बदलने के बाद कांग्रेस की शासन में एक भी भू-विस्थापित को कम्पनी द्वारा नियमित नियुक्ति नहीं दी गई है। उन्होंने नियमित नियुक्ति शीघ्रातिशीघ्र करने की मांग करते हुए कहा कि उनकी मांग जल्द से जल्द पूरा नहीं होने की स्थिति में आत्मदाह करने के लिए बाध्य होंगे।

### पटवारियों की हड़ताल खत्म

**जांजगीर।** पटवारियों की हड़ताल प्रदेश के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के आश्वासन के बाद खत्म हो गई है। आज 19 जुलाई से सभी पटवारी काम पर लौटे। इससे राजस्व से जुड़े लंबित प्रकरणों के निपटारे में तेजी आएगी, जो पटवारियों की हड़ताल के कारण प्रभावित हो रहे थे। उसके अलावा स्कूलों में जमा करने बच्चों के जाति, निवास व आमदनी प्रमाण पत्र बनवाने हड़ताल खत्म होने का इंतजार कर रहे अभिभावकों को भी राहत मिलेगी। हालांकि गांवों में शिविर लगाकर राहत देने पहल जरूर की गई थी। बता दें कि तहसीलदारों ने भी विभिन्न मांगों को लेकर कामबंद हड़ताल शुरू कर दिया था। 22 जुलाई तक मांगों पर विचार करने के आश्वासन के बाद तहसीलदार काम पर लौटे चुके हैं।

### नाबालिग से छेड़छाड़, गिरफ्तार

**जांजगीर।** नाबालिग से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ पाक्सो एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। जर्वे निवासी आरोपी पंकज उर्फ लव यादव पिता रमेश यादव 22 साल ने नाबालिग की बेइज्जती कर उसकी वीडियो बना ली थी और उसे वायरल करने की धमकी दे रहा था। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी पंकज को गिरफ्तार कर लिया है।

## दुष्कर्म मामले में आरक्षक गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा जिले में महिला से 2 सालों तक दुष्कर्म के आरोपी आरक्षक अशोक भारती (33) को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी पुलिस की वर्दी का डर दिखाकर महिला से दुष्कर्म करता रहा। आरक्षक चांपा थाने में पदस्थ था। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

सिटी कोतवाली थाना में रिपोर्ट दर्ज करते हुए पीड़ित महिला ने बताया कि उसके और पति के बीच 2 साल पहले विवाद होने पर परिवार परामर्श केंद्र में प्रकरण चल रहा था। उसी समय आरक्षक अशोक भारती परिवार परामर्श केंद्र में पदस्थ था।काम को लेकर दोनों के बीत बातचीत होने लगी। इस बीच दोनों की जान पहचान हुई थी। आरक्षक अशोक भारती ने कहा कि वह केस को और ज्यादा मजबूत बना देगा। दोनों के बीच फोन पर काम को लेकर बातचीत होने लगी। इस बीच आरोपी ने महिला से जबरदस्ती करते हुए दुष्कर्म किया।

इसके बाद लगातार 2 सालों तक पुलिस की वर्दी का रौब दिखाकर कई बार दुष्कर्म किया। सिटी कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान आरक्षक अशोक भारती को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार किया है। जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## कम बारिश होने से किसानों की चिंता बढ़ी, नहर भी हुआ जर्जर

**मालखरौदा।** अनु विभाग क्षेत्र के गांवों आषाढ़ माह में कई दिनों से बारिश नहीं होने के कारण किसानों में मायूसी छा गई है। उन्हें इस बात की चिंता है कि पानी आखिर कब बरसेगा। उल्लेखनीय है कि आषाढ़ में अभी तक हल्की बूंदाबांदी व बारिश हुई है, जिसके तहत पहले खुर्रा बुवाई करने वाले किसानों का धानं नंदाई के लायक हो गया है, जिनमें पानी की जरूरत है, वही लाई हारा व रोपाई पद्धति से खेती करने वाले किसानों की जमीन सूखी नजर आ रही है।क्षेत्र के नहर से पानी बहुत ही कम मात्रा में आ रहा है और उसमें ऊपर स्तर से अधिकांश पानी बागान नाल में जा रहा है जिसकी भी देख रेख करने वाला कोई नहीं है। बहुत ही कम बारिश होने के चलते ही क्षेत्र के अधिकांश किसानों की ट्यूबवेल्स में अभी तक पानी का लेवल ऊपर नहीं आया है, जिसके चलते ट्यूबवेल में बहुत ही कम मात्रा में पानी निकल रहा है।इससे 24 घंटे में 30 से 40 डिसमिल जमीन ही सिंचाई हो पा रही है। अंचल के अधिकांश किसानों की खेती कार्य दिन-ब-दिन पिछड़ती जा रही है।


**:-प्रारूप - क :-**

राज्य शासन के विभाग/उपक्रम/संस्था, परियोजना प्रबंधक (ए.डी.बी.प्रोजेक्ट) छत्तीसगढ़ सड़क विकास परियोजना लो.नि.वि. बिलासपुर (छ.ग.) के ए.डी.बी.परियोजना लोन-3 के अंतर्गत पैकेज-23, पाली-सिल्ली मार्ग लम्बाई 21.481 कि.मी. के उन्नयन एवं पुनर्निर्माण कार्य में प्रभावित ग्राम सिल्ली, प.ह.नं.10, रा.नि.मं. पोंड़ी तहसील पाली जिला कोरबा (छ.ग.) के भूमि की आवश्यकता होने से राज्य शासन के विभाग/उपक्रम/संस्था, परियोजना प्रबंधक (ए.डी.बी.प्रोजेक्ट) छत्तीसगढ़ सड़क विकास परियोजना लो.नि.वि. बिलासपुर (छ.ग.), निम्नलिखित कृषकों की निजी भूमि ''आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति 2016'' के तहत क्रय करना चाहती है-

ग्राम सिल्ली, प.ह.न. 10 रा.नि.मं. पोड़ी तहसील पाली जिला कोरबा (छ.ग.)

| क्र. | कास्तकार का नाम पिता/पति का नाम | खसरा नं. | अर्जित रकबा | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | एकड़ में | हेक्टेयर में | वर्ग मीटर में |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | राधेदास, श्यामदास पिता सखवादास, जलबाई पति सखवादास, ना.बा.पूजा पिता संतोष दास पालक राधेदास जाति पनिका | 153/1 | 0.0375 | 0.015 | 150 |
| 2. | राधेश्याम, राजकुमारी, धनबाई पिता सुखनन्दन जाति सतनामी | 192/10 | 0.03 | 0.012 | 120 |
| 3. | राजाराम पिता गोविंद, बोधनराम, रामगुलाम पिता बलराम जाति रावत | 163/1 | 0.04 | 0.016 | 160 |
| 4. | कृष्ण कुमार, किर्ती कुमार, पुनीराम पिता नंदूराम, गायत्री बाई पिता नंदूराम, चेतीबाई पिता नंदूराम जाति रावत | 156/5 | 0.18 | 0.0728 | 728 |

अतः उपरोक्त भूमि-स्वामी की निजी भूमि को शासन के विभाग/उपक्रम/संस्था, परियोजना प्रबंधक (ए.डी.बी.प्रोजेक्ट) छत्तीसगढ़ सड़क विकास परियोजना लो.नि.वि. बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा क्रय किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को ऊपर वर्णित भूमि के स्वत्व के विषय में कोई आपत्ति हो तो वे दिनांक 31.07.24 तक अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पाली के न्यायालय में अपनी आपत्ति लिखित रूप में स्वयं प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
भू-अर्जन अधिकारी, पाली, जिला-कोरबा (छ.ग.)

जी-242501147/1



**न्यायालय तहसीलदार कोरबा जिला- कोरबा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

202406050400033
रा.प्र.क्र.-/अ-21/2023-24
ग्राम- कोरबा, प.ह.नं.-16

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमिस्वामी/आवेदिका श्रीमती ज्योति अग्रवाल पति विक्रम अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी कोरबा द्वारा ग्राम कोरबा प.ह.नं. 16 रा.नि.मं. कोरबा-1 स्थित परिवर्तित भूमि ख.नं. 3/15 रकबा 0.058 हे./6266 वर्गफीट भूमि को प्रस्तावित क्रेता संगीत अग्रवाल पिता बजरंग अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी प्लाट नंबर 170 पाटीदार भवन के पीछे टी.पी.नगर कोरबा के पास आम बाजार मूल्य अनुसार विक्रय करने की अनुमति बाबत् आवेदनपत्र प्रस्तुत किया है, जो जांच एवं प्रतिवेदन हेतु कलेक्टर महो. कोरबा से अ.वि.अ.(रा.) कोरबा के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 12.08.2024 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

सील

तहसीलदार
कोरबा (छ.ग.)


## फंड के अभाव में नहीं बना भवन, स्कूल में लग रहा कॉलेज



**बिर्रा।** शासकीय नवीन महाविद्यालय भवन के लिए मंजूरी मिलने के बाद भी निर्माण अब तक शुरू नहीं हो पाया है। नाबार्ड में डिपाजिट राशि जमा नहीं होने से अब तक निर्माण के लिए राशि उपलब्ध नहीं हुई है। इसके कारण टेंडर नहीं हो पा रहा है। कॉलेज भवन नहीं होने के कारण विद्यार्थियों की कक्षाएं हायर सेकंडरी स्कूल में लगाई जा रही है। इससे स्कूल के विद्यार्थियों को भी परेशानी हो रही है। भवन नहीं होने के कारण छात्र कॉलेज में एडमिशन नहीं ले रहे हैं।

दरअसल बिर्रा में कॉलेज की स्थापना हो चुकी है, लेकिन कॉलेज को अब तक खुद का भवन नहीं मिला है। तत्कालीन उच्च शिक्षा मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय ने नवीन महाविद्यालय की स्वीकृति दी थी। उसके बाद से अब तक नवीन महाविद्यालय हायर सेकंडरी स्कूल के भवन में चल रहा है। नवीन महाविद्यालय भवन के लिए पंचायत ने जमीन भी अलाट हो चुकी है। नवीन महाविद्यालय भवन के लिए 4 करोड़ 62 लाख रुपए की प्रशासकीय मंजूरी भी हो चुकी है, लेकिन उच्च शिक्षा ने नाबार्ड में डिपाजिट राशि जमा नहीं होने के कारण लोकनिर्माण विभाग टेंडर जारी नहीं कर पा रहा है।

राशि जमा नहीं होने से टेंडर में देरी ट्टनवीन महाविद्यालय भवन सारागांव बिर्रा में उच्च शिक्षा विभाग से प्रशासकीय स्वीकृति मिली है परन्तु नाबार्ड में डिपाजिट राशि जमा नहीं होने पर निविदा प्रक्रिया में देरी हो रही है। -केके सरल, एसडीओ, पीडब्ल्यूडी, चांपा

## अनमोल वचन......

शेर हमेशा पीछे होकर छलांग लगाता है, वैसे ही जिन्दगी भी हमें पीछे करती है ताकि हम और आगे बढ़ सकें।

# यह युद्ध का समय नहीं

यह महज संयोग है कि जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मास्को में रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन और वियना में ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर के साथ वैश्विक शांति के लिए बुद्ध के उपदेशों पर चर्चा करते हुए अपनी बात को दोहरा रहे थे कि यह युद्ध का समय नहीं है, लगभग उसी समय वाशिंगटन में अमेरिका की अगुवाई वाले नाटो के सदस्य देश रूस-यूक्रेन के बीच जारी युद्ध में घी डालने का काम कर रहे थे। उनका विश्वास है कि रूस युद्ध का समर्थक है और उसने यूक्रेन पर आक्रमण किया है। इतना ही नहीं, रूस यूरोप सहित पूरी दुनिया की सुरक्षा के लिए चुनौतियां पेश कर रहा है।

इसलिए नाटो देशों ने घोषणा की है कि अगले एक वर्ष के दौरान यूक्रेन को 40 अरब यूरो डॉलर की सैन्य सहायता दी जाएगी। फरवरी, 2022 से रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध चल रहा है जिसमें हजारों निदरेष नागरिक मारे गए हैं। यह सब जानते हुए भी अमेरिका और पश्चिमी देश रूस को चिढ़ाने का काम कर रहे हैं। अमेरिका यूक्रेन को अभी तक 50 अरब डॉलर से अधिक की सैन्य सहायता दे चुका है। हाल में उसने घोषणा की है कि वह 2026 में जर्मनी में लंबी दूरी की मिसाइलें तैनात करेगा।

इसका उद्देश्य रूस की चुनौतियों का सामना करना है। इसका स्पष्ट मतलब है कि अमेरिका और पश्चिमी देश नहीं चाहते कि शांति वार्ता की मेज पर एक साथ बैठ कर विमर्श करें। राष्ट्रपति पुतिन इस संकेत से अनजान नहीं हैं। शायद इसीलिए उन्होंने पिछले महीने स्विटजरलैंड में आयोजित यूक्रेन शांति सम्मेलन में शामिल होने से इंकार कर दिया। पश्चिमी देश पुतिन को आक्रमणकारी और रक्त पिपासू ठहराते हैं लेकिन यह सच नहीं है। वस्तुत यूक्रेन को नाटो का सदस्य बनाने की घोषणा के कारण पुतिन को अपने पड़ोसी पर हमला करने के लिए मजबूर होना पड़ा। सही मायने में नाटो का विस्तार रूस की सुरक्षा के लिए खतरा हो सकता है। चीन का भी ऐसा ही मानना है। प्रधानमंत्री मोदी ने ऑस्ट्रिया के चांसलर को 19वीं सदी की उस ऐतिहासिक वियना कांग्रेस की याद दिलाई जिसने यूरोप में शांति और स्थिरता कायम करने में महती भूमिका निभाई थी। चांसलर नेहमर को विश्वास है कि भारत रूस-यूक्रेन शांति प्रक्रिया में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। लेकिन हकीकत यह है कि इस शांति प्रक्रिया में नाटो को आगे आना होगा वरना पूरी दुनिया तीसरे विश्व युद्ध की चपेट में आ सकती है।

## राशिफल

**मेष राशिः** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। इस समय परिस्थिति बहुत ही अनुकूल बनी हुई है। आपको अपनी मेहनत के बेहतरीन परिणाम मिलने वाले हैं। आज फोन कॉल के माध्यम से कोई महत्वपूर्ण सूचना मिलने की संभावना है। अपने ऊपर भरोसा रखें, दूसरों की बातों में ना आये।

**वृष राशि :** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज का दिन व्यवस्थित और मन मुताबिक तरीके से बीतेगा। आज आप अपने आपको ऊर्जा से भरपूर महसूस करेंगे। युवाओं को अपने करियर से संबंधित कोई उपलब्धि मिलने की उम्मीद है। इस समय अपने महत्वपूर्ण कार्यों को ही प्राथमिकता पर रखें। कोई भी बड़ा निवेश करने से पहले उसके बारे में पूरी जानकारी अवश्य हासिल कर लें।

**मिथुन राशिः** आज आप लोगों को अपनी योजनाओं से सहमत कर लेंगे। आपको सबका पूरा साथ मिलेगा। ऑफिस में सीनियर्स आपके काम को देखकर खुश होंगे। लवमेट के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा। माता-पिता आपको कोई बड़ा गिफ्ट देंगे इससे आप बड़े ही खुश नजर आएंगे।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। सभी काम आपके मन- मुताबिक पूरे हो सकते हैं। जरूरत से ज्यादा एकाग्रता के कारण आपको थोड़ी उलझन हो सकती है। आज आपको एक तरफा सोचने से बचना चाहिए, बेहतर रहेगा की आप सभी पहलुओं को पर विचार करें। आपको अपने वाणी पर संयम बनाये रखना चाहिए।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। इस राशि के कारोबारियों को पैसों के मामलों में लाभ हो सकता है। ऑफिस में काम आसानी से पूरा हो सकता है। साथ ही बॉस आपकी परफॉरमेंस से खुश होकर आपको कोई अच्छा-सा गिफ्ट कर सकते हैं। संतान पक्ष से सुख प्राप्त होगा। दूसरों की जरूरतों को पूरा करने की आप कोशिश करेंगे। आज किसी आयोजन में आप व्यस्त रहने वाले है।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन शानदार रहेगा। इस राशि के कारोबारियों को उम्मीद से ज्यादा लाभ मिलेगा। ऑफिस में आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा। दूसरे लोग आपकी योजना से काफी प्रभावित होंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। लवमेट के लिए आज का दिन बेहतरीन है। परिवार के लोग आपके लिए मददगार होंगे। किस्मत के सहयोग से जो भी होगा आपके फेवर में होगा।

**तुला राशिः** आज आपका दिन व्यस्तता में बीत सकता है। आप नई जिम्मेदारी लेने में थोड़ा संकोच कर सकते हैं। आपकी जिम्मेदारियां भी बढ़ सकती है। रुके हुये कुछ खास काम, आज पूरे होंगे इससे आपको प्रसन्नता होगी। साथ ही किसी प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिये की गयी कोशिशों का भी अच्छा परिणाम मिलेगा।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन शानदार रहेगा। कुछ लोगों की मदद से आपके काम पूरे हो सकते हैं। आज आपको कोई खुशखबरी मिल सकती है। नवविवाहित दंपत्ति आज हर बात समझने की कोशिश करेंगे। आज दोस्तों का सहयोग मिलेगा। साथ ही वो किसी काम में आपसे सलाह भी ले सकते हैं।

**धनु राशिः** आज का दिन सुनहरे पल लेकर आयेगा। नए कार्यों में आपको भाग्य का पूरा-पूरा साथ मिलेगा। साहित्य से जुड़े लोगों को कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। करियर में आप नए आयाम स्थापित करेंगे। किसी काम में जीवनसाथी की सलाह फायदेमंद रहेगी। दोस्तों के साथ मूवी देखने का प्लान बनायेंगे। घर पर किसी खास रिश्तेदार के आने से आपको खुशी होगी, उनके साथ आप अलग- अलग पकवानों का आनंद उठायेंगे।

**मकर राशिः** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आपके अधूरे काम पूरे हो सकते हैं। कुछ नए मौके आपको मिल सकते हैं। मिल कर किये गए कामों से आपको बहुत हद तक सफलता मिलने के योग है। इनकम के एक्स्ट्रा सोर्स मिलने से आपका बैंक बैलेंस मजबूत होगा।

**कुंभ राशिः** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। दाम्पत्य रिश्ते मधुर होंगे। रोजमर्रा के कामों से आपको फायदा होगा। कारोबार में पैसा लगाने के बारे में सोच सकते हैं। आपको कई नये काम करने के मौके मिलेंगे, जिनमें आप सफल भी होंगे।

**मीन राशिः** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। कामकाज के मामले में परिस्थिति अच्छी रहेगी। आप खुद को सेहतमंद महसूस करेंगे। जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जा सकते हैं, इससे आपके रिश्ते में मजबूती बरकरार रहेगी।

# खुल्लम खुल्ला सर तन से जुदा का नारा लगाने वालों को बरी करने से अच्छा संदेश नहीं गया है

नीरज कुमार दुबे

**इन लोगों ने जो विवादास्पद नारे लगाये थे और अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया था उसके वीडियो और ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गये थे। उस समय दरगाह पुलिस थाने के एक कांस्टेबल द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी को देखेंगे तो पता चलेगा कि आरोप गंभीर थे। राजस्थान में अजमेर की एक अदालत ने 2022 में ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह के दरवाजे के सामने सर तन से जुदा के विवादास्पद नारे लगाने के आरोपी सभी छह लोगों को बरी कर दिया है। इसके पहले अकबरुद्दीन ओवैसी 15 मिनट के लिए पुलिस हटाने पर हिंदुओं को अपनी हिम्मत दिखाने जैसा बयान देने के मामले में बरी हो चुके हैं। ऐसे ही कई और वाकये भी हैं जिन पर आये अदालती फैसलों से सवाल उठता है कि क्या यह भड़काऊ बयान अपराध की श्रेणी में नहीं आते हैं। जहां तक अजमेर दरगाह के दरवाजे पर लगाये गये विवादास्पद नारों की बात है तो उसके वीडियो आज भी सोशल मीडिया पर मौजूद हैं इसलिए सवाल उठता है कि आखिर क्यों और किस आधार पर आरोपियों को बरी कर दिया गया।**

देखा जाये तो राजस्थान की पिछली अशोक गहलोत सरकार की तुष्टिकरण की नीति के चलते राज्य में कई बार हालात खराब हुए लेकिन फिर भी तत्कालीन सरकार अपनी नीति से डिगी नहीं थी। यह साफ प्रदर्शित हो रहा है कि सर तन से जुदा के खुल्लम खुल्ला नारे लगाने वाले सभी आरोपी इसलिए बरी हो गये क्योंकि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के शासनकाल में मामले की जांच ठीक से नहीं की गयी और संभवतः आरोप पत्र में खामियां रहीं। राजस्थान की वर्तमान सरकार को इस मामले की नई सिरे से जांच करनी चाहिए और यह पता लगाना चाहिए कि किसके आदेश पर जांच प्रभावित की गयी और अदालत के समक्ष सभी सबूत नहीं रखे गये थे। हम आपको याद दिला दें कि साल 2022 में अजमेर दरगाह के मुख्य द्वार पर 17 जून को भीड़ के सामने सर तन से जुदा का नारा अजमेर दरगाह के खादिम गौहर चिश्ती ने लगाया था। विवाद खड़ा हुआ तो वह हैदराबाद भाग गया था। बाद में उसे गिरफ्तार कर राजस्थान लाया गया था। दरगाह के खादिम गौहर चिश्ती पर आरोप था कि अजमेर दरगाह के मुख्य द्वार, जिसे निजाम गेट कहा जाता है, पर 17 जून को नुपूर शर्मा के खिलाफ मुस्लिम समुदाय की एक रैली में पुलिस की मौजूदगी में उसने भड़काऊ भाषण दिए थे। इस संबंध में एक प्राथमिकी 25 जून 2022 की रात को दर्ज की गई थी। लेकिन तब कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। जब उदयपुर में दर्जी कन्हैयालाल की 28 जून को निर्मम हत्या की घटना हो गयी उसके बाद अजमेर पुलिस हरकत में आई और गौहर चिश्ती के साथ मौजूद फकर जमाली, रियाज और तामिज को 29 जून को गिरफ्तार किया गया। वहीं, चौथे आरोपी को 30 जून 2022 को गिरफ्तार किया गया था।इन लोगों ने जो विवादास्पद नारे लगाये थे और अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया था उसके वीडियो और ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गये थे। उस समय दरगाह पुलिस थाने के एक कांस्टेबल द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी को देखेंगे तो पता चलेगा कि आरोप गंभीर थे। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया था कि गौहर चिश्ती ने धार्मिक स्थल से लाउडस्पीकर का उपयोग कर ''गुस्ताखी ए नबी की एक ही सजा, सर तन से जुदा, सर तन से जुदा'' के नारे लगाकर लोगों को उकसाया था। कांस्टेबल के मुताबिक भीड़ को हिंसा के लिये उकसाना और हत्या का आह्वान करना संज्ञेय अपराध की श्रेणी में आता है। इस संबंध में भारतीय दंड संहिता की धारा 117 (दस से अधिक व्यक्तियों द्वारा जनता को अपराध के लिये उकसाना), 188 (लोक सेवक द्वारा विधिवत आदेश की अवज्ञा), 504 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान), 506 (आपराधिक धमकी) 34 (कई व्यक्तियों द्वारा सामान्य इरादे से किए गये कार्य) 143 और 149 (गैर कानूनी सभा) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। देखा जाये तो प्राथमिकी में आरोप गंभीर थे इसलिए मामले की अदालत में चली सुनवाई के बाद जब फैसला आया तो सभी को हैरत हुई। सरकारी वकील गुलाम नजमी फारूकी ने जब यह बताया कि अदालत ने खादिम (सेवक) गौहर चिश्ती, ताजिम सिद्दीकी, फारूक जमाली, नासिर, रियाज हसन और मोईन को बरी कर दिया है तो सवाल उठा कि भड़काऊ नारेबाजी के जो वीडियो आज भी सोशल मीडिया पर मौजूद हैं वह जज साहब को क्या दिखाए नहीं गये।

सरकारी वकील गुलाम नजमी फारूकी ने हालांकि कहा है कि अदालती आदेश की समीक्षा करने के बाद फैसले के खिलाफ अपील की जाएगी। इसलिए उम्मीद है कि आरोपियों को एक ना एक दिन सजा जरूर मिलेगी। लेकिन यह मामला हमारी प्रणाली में व्याप्त खामियों की ओर इशारा भी करता है। सरेआम लोगों को भड़काने वाले और धार्मिक उन्माद फैलाने वाले यदि इसी तरह बरी होते रहेंगे तो अराजक तत्वों का हौसला बढ़ेगा इसलिए सरकार को चाहिए कि ऐसे मामलों में सख्ती से निबटने के लिए कड़े कानून बनाये।बहरहाल, केंद्र सरकार को यह भी देखना चाहिए कि हाल ही में जमीयत उलेमा ए हिंद के महमूद मदनी ने एक सभा को संबोधित करते हुए कहा था कि अगर हमारा मजहब बर्दाश्त नहीं है तो तुम कहीं और चले जाओ। अगर ऐसे बयान सामने आते रहे तो इससे साम्प्रदायिक सद्भाव को ठेस पहुँचेगी। इसलिए भड़काऊ बयान देने वालों के खिलाफ कड़े कदम उठाने का समय आ चुका है।

# मुस्लिमों को कूपमंडूक बनाए रखना चाहते हैं गैरभाजपा दल

//योगेंद्र योगी//

**गैरभाजपा राजनीतिक दलों में विशेषकर कांग्रेस ने मुस्लिमों के वोट पाने के लिए उनके अधिकारों को लेकर कभी भी पहल नहीं की। यही वजह रही कि देश का मुस्लिम वर्ग विकास की मुख्य धारा में शामिल होने से पिछड़ गया। इतना ही नहीं गैरभाजपा दलों ने जब कभी मुसलमानों की भलाई का मौका आया तब नजरें चुरा ली बल्कि सत्ता में आने पर पुरानी स्थिति बहाल करने तक का वादा किया। सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम महिलाओं को लेकर एक बड़ा फैसला सुनाया है। मुस्लिम महिला को पति से गुजारा भत्ता देने की मांग की याचिका थी। कोर्ट ने कहा सभी महिलाएं सीआरपीसी की धारा 125 की मदद ले सकती हैं। यह कानून सभी धर्म की महिलाओं पर लागू होता है। गुजारे भत्ते के लिए अपने पति के खिलाफ याचिका दायर कर सकती है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टिन गॉर्ज मसीह ने फैसला सुनाया।**

इस फैसले को गैरभाजपा दल गले नहीं उतार पा रहे हैं। इसी तरह तीन तलाक के फैसले को लेकर कांग्रेस सहित दूसरों दलों ने विरोध किया था। कांग्रेस ने सत्ता में आने पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए तीन तलाक के फैसले को पलट कर वापस तीन तलाक लागू करने का वादा किया था। इससे पहले शाह बानो पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को कांग्रेस की तत्कालीन सरकार ने कानून में संशोधन करके बदल दिया था। कांग्रेस ने यह सब किया वोट बैंक की खातिर, किन्तु वह भी बच नहीं सका। दूसरे दल मुसलमानों की भलाई की आड़ में अपना उल्लू सीधा करने में ज्यादा आगे निकल गए। गैर कांग्रेस दलों में प्रमुख रूप से पश्चिमी बंगाल में तृणमूल कांग्रेस, उत्तर प्रदेश में समाजवादी और बहुजन समाजवादी पार्टी ने मुस्लिम वोटों की खातिर आतंकवाद के आरोपियों से समझौता तक करने में गुरेज नहीं किया। शाह बानो केस में राजीव गांधी की सरकार ने वोट बैंक की खातिर कोर्ट का फैसला बदल दिया था। शाह बानो ने 1978 में इसके खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटाया। उन्होंने अदालत से गुजारिश की कि उनके पति को उन्हें गुजारा भत्ता देने के लिए निर्देश दिया जाए। साल 1985 में सुप्रीम कोर्ट ने शाह बानो के पक्ष में फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने मोहम्मद अब्दुल को अपनी तलाकशुदा बीवी को 20,000 रुपए गुजारा भत्ता देने का कहा गया था। समद ने अपनी बीवी को तीन तलाक दिया था। इसके जवाब में तत्कालीन राजीव गांधी की सरकार ने मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम 1986 लागू कर दिया। इस अधिनियम ने तलाक के बाद केवल 90 दिनों तक मुस्लिम तलाकशुदा महिलाओं को अपने पूर्व पति से गुजारा भत्ता पाने के अधिकार को प्रतिबंधित कर दिया। इसी तरह मुस्लिमों की आधी आबादी के पक्ष में जब तीन तलाक को निरस्त सुप्रीम कोर्ट द्वारा निरस्त किया गया तब भी गैरभाजपा दलों ने काफी हायतौबा मचाई थी। सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों की संविधान पीठ ने 22 अगस्त 2017 को अपने फैसले में ट्रिपल तलाक को असंवैधानिक घोषित कर दिया था। कोर्ट ने 1400 साल पुरानी प्रथा को असंवैधानिक करार दिया था और सरकार से कानून बनाने के लिए कहा था। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद केंद्र सरकार ने कानून बनाते हुए एकसाथ तीन बार तलाक बोलकर या लिखकर निकाह खत्म करने को अपराध की श्रेणी में शामिल कर लिया। इस अपराध के लिए अधिकतम तीन साल कैद की सजा का प्रावधान भी है। तीन तलाक के मुद्दे पर गैरभाजपा दलों का असली चेहरा तब सामने आया जब संसद में इसके मामले में कानून पास करने से पहले वोटिंग हुई। गैरभाजपा दल ट्रिपल तलाक के खिलाफ थे, लेकिन राज्यसभा से वोटिंग के पहले भाग गए। इनमें बसपा के 4, सपा के सात, एनसीपी के 2, पीडीपी के 2, कांग्रेस के 5, टीएमसी, वामपंथियों पार्टियों, आरजेडी, डीएमके और वाईएसआर कांग्रेस के एक-एक सांसद अनुपस्थित रहे। बिल को पास कराने के लिए एनडीए को 121 सदस्यों का समर्थन चाहिए था, लेकिन सांसदों की बड़ी संख्या में अनुपस्थिति की वजह से सदन में बीजेपी की स्थिति मजबूत हो गई और वह बिल पास कराने में सफल रही। विपक्ष के भागने की वजह यह रही कि भाजपा इसे मुद्द बना कर मुस्लिम महिलाओं से उनके खिलाफ धरना-प्रदर्शन नहीं करवा दे। बिल पर बहस के दौरान वाईएसआर कांग्रेस के विजय साई ने कहा कि बिल का मैं 6 कारणों से विरोध करता हूं। लेकिन वोटिंग के दौरान विजय साई सदन में अनुपस्थित थे। बसपा सांसद सतीश चंद्र मिश्रा का कहना था कि हमारी पार्टी इस बिल के खिलाफ है और इसे सेलेक्ट कमेटी के पास भेजा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने इसे नकार दिया है और आप फिर से इसे अस्तित्व में लाना चाहते हैं। इस बिल से महिलाएं सबसे ज्यादा प्रताड़ित होने वाली हैं क्योंकि पुरुष के जेल जाने के बाद महिलाएं भी कहीं की नहीं रह जाएंगी। सरकार ने बच्चों की देखरेख करेगी और न महिलाओं को गुजारा भत्ता देगी, ऐसे में उनका जीवन कैसे चलेगा। तीन तलाक पर इस तरह मुखर होने के बावजूद बसपा का कोई सांसद सदन में उपस्थित नहीं था। एनसीपी सांसद माजिद मेमन ने भी बिल का विरोध किया। उन्होंने कहा कि कहा कि आप किसी को बगैर अपराध के 3 साल की सजा देने जा रहे हैं, तलाक कहना कोई अपराध नहीं है। जेल में जाने के बाद भी शादी खत्म नहीं होगी और महिला को गुजारा भत्ता के लिए मजिस्ट्रेट के पास जाना होगा। जेल में रह रहा पति कैसे पत्नी को भत्ता दे पाएगा, ऐसे में कानून फेल हो गया। यह बिल पूरी तरह राजनीति से प्रेरित है। मगर जब बिल को सेलेक्ट कमेटी के पास भेजने के लिए सदन में वोटिंग हो रही थी, उस दौरान एनसीपी प्रमुख शरद पवार और प्रफुल्ल पटेल उपस्थित नहीं थे। तीन तलाक बिल का विरोध करने वाले एनडीए के सहयोगी दल तो वॉकआउट कर गए जिनमें अन्नाद्रमुक, जेडीयू शामिल हैं। गैर-एनडीए और गैर-यूपीए टीआरएस सदन में गैर मौजूद रही। कांग्रेस के अल्पसंख्यक महाधिवेशन में महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सुष्मिता देव ने कहा था कि अगर हमारी सरकार आई, तो नरेंद्र मोदी सरकार के लाए ट्रिपल तलाक कानून को खत्म कर देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि ये कानून मुस्लिम पुरुषों को जेल में भेजने की एक साजिश है। इस सम्मेलन में कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष राहुल गांधी समेत अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद थे। लेकिन कोई भी कांग्रेसी नेता एक लफ्ज तक नहीं बोला। तीन तलाक पर पाबंदी का फैसला हो या मेंटीनेंस पाने का हक, मुस्लिम आधी आबादी लंबे अर्से से अपने अधिकारों के प्रति अंधेरे में रही है। उलेमाओं और मौलवियों ने ऐसे अधिकारों का हमेशा से विरोध किया है। वोट बैंक के लालच में कांग्रेस सहित दूसरे दलों ने हमेशा मुस्लिम महिलाओं को अधिकारों से वंचित करने की पैरवी की है। यदि ये दोनों अधिकार कांग्रेस आजादी के बाद मुस्लिम महिलाओं को कानूनी तौर पर मुहैया करा देती तो आज देश में मुसलमानो के विकास की सूरत अलग होती। किसी भी शिक्षित और जागरुक कौम को आसानी से बरगलाया नहीं जा सकता। गैरभाजपा विपक्षी दलों ने मुसलमानों को जागरुक करने और शिक्षित करने के लिए भी पर्याप्त कदम नहीं उठाए। यहां तक मुसलमानों के खैरख्वाह बनने का दंभ भरने वाले राजनीतिक दलों ने उन्हें राजनीति में पर्याप्त प्रतिनिधित्व तक नहीं दिया। यही वजह रही आजादी के बाद जितनी तरक्की मुसलमानों को करनी चाहिए थी, उसकी तुलना में पिछड़ गए।

# जनसंख्या नियंत्रण कानून

विश्व में विशेष रूप से हमारे देश में जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा मनाया जा रहा है जिसमें जनसंख्या को बढ़ने से रोकने के लिए जागरूकता रैलियां निकाली जा रही हैं। जनसंख्या वृद्धि की समस्या के समाधान के बारे में विभिन्न राजनीतिक दलों के बयान आए हैं। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह तथा भाजपा बिहार के राज्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने केंद्र सरकार से आग्रह किया है कि वह कठोर जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाए परंतु एनडीए के घटक दल जदयू के नेता इस बारे में कठोर कानून बनाने का समर्थन नहीं करते क्योंकि उन्हें दलित और मुस्लिम मतदाताओं के बिदकने का भय है। वास्तव में जदयू और टीडीपी जैसे मोदी सरकार के घटक दलों को चिंता है कि जनसंख्या नियंत्रण कानून का समर्थन करने से उनका मुस्लिम और दलित वोट खिसक सकता है, इसलिए ये दल परिवार नियोजन के लिए जन-जागरूकता पर बल देते हैं। कुछ अति धर्मभीरु और मजहबी लोग बच्चों को अल्लाह की देन समझते हैं। मानते हैं कि अन्न-भोजन देने की जिम्मेदारी अल्लाह ने ले रखी है, इसलिए जनसंख्या को रोकने के लिए कठोर कानून की जरूरत नहीं है परंतु यह तर्क नहीं, कुतर्क है। ऐसा होता तो अफ्रीका आदि क्षेत्रों में लोग भूख से क्यों मरते। निश्चय ही हमारा देश विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश है। हमने इस मैदान में चीन को भी पछाड़ दिया है, और आज एक अरब 45 लाख से अधिक आबादी का बोझ उठा रहे हैं। बढ़ती गरीबी, बेरोजगारी, कुपोषण तथा अपराध में वृद्धि का एक प्रमुख कारण आबादी में भारी इजाफा भी है। देश में बढ़ती सांप्रदायिकता और घृणा का एक बड़ा कारण भी जनसंख्या में वृद्धि है। बहुसंख्यक हिन्दू आबादी मुसलमानों की बढ़ती आबादी को खतरा मानती है। उनमें से कुछ का यह भी मानना है कि भविष्य में भारत भी पाकिस्तान की भांति इस्लामी राष्ट्र बन सकता है।

## तस्वीरों की दुनिया


पटना के एसकेएम हॉल में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की विस्तारित बैठक के दौरान बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, भाजपा महासचिव विनोद तावड़े और अन्य नेता।



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया बेंगलुरु में विधान सौधा में विधानसभा सत्र के दौरान बोलते हुए।


भोपाल में नर्सिंग कॉलेज घोटाले को लेकर मंत्री विश्वास सारंग के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए पूर्व सीएम कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह समर्थकों के साथ अशोका गार्डन थाने पहुंचे।


बेंगलुरू के विधान सौधा में विधानसभा सत्र के दौरान राज्य कांग्रेस सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते भाजपा विधायक।


मुंबई में आगामी फिल्म स्त्री 2 के ट्रेलर लॉन्च पर श्रद्धा कपूर, राजकुमार राव और पंकज त्रिपाठी।


जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने श्रीनगर में कश्मीर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी का उद्घाटन किया।


जयपुर में राजस्थान विश्वविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव के लिए प्रदर्शन कर रहे एनएसयूआई छात्रों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया।

# तो दांव-पेंच खेलेगी सपा और कांग्रेस, उपचुनाव को लेकर दोनों दलों के नेता दे चुके हैं संकेत



**लखनऊ, 19 जुलाई [एजेंसी]।**

विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों को लेकर भाजपा कमर कस चुकी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए 30 मंत्रियों की जिम्मेदारी तय कर दी है तो संगठन भी पूरी तरह सक्रिय हो गया है। विपक्षी खेमा भी उपचुनाव को लेकर पूरी तरह से सक्रिय है। लोकसभा चुनाव परिणामों से उत्साहित कांग्रेस व सपा का उपचुनाव में भी गठबंधन रहेगा। दोनों ही दल के नेता इसके साफ संकेत दे चुके हैं। उत्तर प्रदेश में अपनी खोई जमीन तलाशने में जुटी कांग्रेस भी उपचुनाव में भाजपा के हिस्से वाली सीटों पर पंजा लड़ाने की तैयारी में है। दोनों दलों के बीच जल्द सीटों का बंटवारा होने की उम्मीद है, जिससे दोनों ही दल उनके हिस्से आई सीटों पर अपनी गतिविधियां बढ़ा सकें। उत्तर प्रदेश में विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए को और मजबूत बनाने के लिए कांग्रेस हरियाणा व महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनाव में सपा को हिस्सेदारी देने को भी तैयार है।

यूपी में 10 सीटों में किसकी कितनी भागीदारी होगी, इसे लेकर दोनों दलों के बीच बातचीत चल रही है। जिस पर अंतिम मुहर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के बीच बातचीत के बाद ही लगेगी। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस से हाथ मिलाकर बढ़ी सपा 37 सीटें जीतकर देश में तीसरे नंबर की पार्टी बनी है। इतनी लंबी छलांग लगाने के बाद सपा यूपी में अपनी जमीन बनाए रखने के साथ ही दूसरे राज्यों में भी अपने विस्तार को लेकर उत्साहित है। भाजपा ने जिस तरह उपचुनाव को लेकर अपनी तैयारियां तेज की हैं और पूरे जोर-शोर से सभी 10 सीटों पर जीत दर्ज करने का लक्ष्य लेकर बढ़ रही है, उसने विपक्षी दलों में भी हलचल बढ़ा दी है। कांग्रेस भी प्रदेश में लगातार अपनी सक्रियता बढ़ा रही है और उपचुनाव के माध्यम से कार्यकर्ताओं में नया जोश भरने का प्रयास करेगी। सपा भी अपनी सीटों को बचाए रखने के लिए पूरा जोर लगाएगी। प्रदेश में जिन 10 सीटों पर उपचुनाव होना है, उनमें पांच सीटें करहल, कटेहरी, मिल्कीपुर, कुंदरकी व सीसामऊ सपा के पास थीं। जबकि खैर, गाजियाबाद व फूलपुर भाजपा के पास थीं। मझवां निषाद पार्टी व मीरापुर रालोद के पास थी।

## सुप्रीम कोट ने मांगी बिहार पुलिस की जांच रिपोर्ट, केंद्र को दिए निर्देश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को नीट-यूजी मामले की सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि वह सीबीआई की जांच रिपोर्ट सौंपने से पहले बिहार पुलिस और बिहार की आर्थिक अपराध इकाई (इकोनोमिक अफेंस विंग) द्वारा की गई जांच की रिपोर्ट और सामग्री भी शीर्ष कोर्ट में पेश करे। अदालत ने कहा है कि ये सामग्री शनिवार को शाम पांच बजे तक कोर्ट में दाखिल कर दी जाए। नीट पेपर लीक मामले में अब तक कई गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। फिलहाल मामले की जांच सीबीआई के हाथ में है। इस प्रकरण में आए दिन नए राज खुल रहे हैं। सीबीआई द्वारा सुप्रीम कोर्ट में दाखिल जांच की स्थिति रिपोर्ट में परीक्षा का प्रश्नपत्र हल करने में मदद और लाभ पाने के लिए छात्रों के अभिभावकों द्वारा लाखों रुपये के पोस्ट डेटेड चेक दिए जाने की बात पर कोर्ट ने आश्चर्य जताता।


## चूक कहां हो गई, लखनऊ से दिल्ली तक टेंशन में भाजपा, केंद्रीय नेतृत्व लेगा रिपोर्ट

**लखनऊ, 19 जुलाई [एजेंसी]।**

भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने लोकसभा चुनाव के परिणाम की समीक्षा शुरू कर दी है। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी से रिपोर्ट लेने के बाद महामंत्री (संगठन) धर्मपाल से भी खराब प्रदर्शन के कारणों के बारे में केंद्रीय नेतृत्व जानकारी लेगा। साथ ही संगठन की मजबूती के लिए चलाए जाने वाले अभियानों पर भी चर्चा की जाएगी।लोकसभा चुनाव में पार्टी के खराब प्रदर्शन को लेकर प्रदेश से लेकर दिल्ली तक का नेतृत्व चिंतित है। यही वजह है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी को दिल्ली बुलाकर चुनाव के खराब परिणामों पर चर्चा की थी। प्रदेश अध्यक्ष ने उन्हें पार्टी की तरफ से चुनाव के बाद तैयार की गई रिपोर्ट भी सौंपी है। इसके बाद उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर प्रदेश के राजनीतिक हालात की जानकारी दी थी।लोस चुनाव के परिणाम को लेकर प्रदेश अध्यक्ष के अलावा महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने भी पार्टी मुख्यालय सहित कई जिलों में बैठकें करके खराब प्रदर्शन के कारणों को जाना है।

साथ ही एसटीएफ की 40 टीमों का गठन कर हर लोस क्षेत्र की रिपोर्ट तैयार करवाई गई है। इसे कंपाइल कर लिया गया है। बीते रविवार को लखनऊ में हुई प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ इस रिपोर्ट पर भी चर्चा होनी थी, लेकिन कम समय होने के कारण यह संभव नहीं हो पाया। नतीजतन दिल्ली जाने के बाद नड्डा ने संबंधित नेताओं से फीडबैक लेना शुरू कर दिया है। इसी सिलसिले में महामंत्री (संगठन) सहित कुछ अन्य नेताओं को भी दिल्ली बुलाया जाना है। लोकसभा चुनाव में इस बार भाजपा को 33 सीटों पर ही जीत मिली है, जबकि 2019 में 62 सीटों पर पार्टी जीती थी।

## लक्षद्वीप में दो सैन्य हवाई क्षेत्र बनाएगा भारत, केंद्र ने दी मंजूरी, चीन की बढ़ती गतिविधियों रखी जाएगी नजर



**नईदिल्ली, 19 जुलाई [एजेंसी]।**

भारत अपनी रक्षा क्षमताओं को तूफानी रफ्तार देने जा रहा है। लिहाजा, भारत सरकार ने एक उच्चस्तरीय बैठक के दौरान लक्षद्वीप में दो सैन्य वायुक्षेत्र (मिलेट्री एयरफील्ड) बनाने को मंजूरी दे दी है। केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप समूह के आखिरी द्वीप मिनिकाय और भारत के पश्चिमी क्षेत्र अरब सागर के अगात्ती द्वीप के मौजूदा मिलेट्री एयरफील्ड को विस्तार देंगे। इस समुद्री क्षेत्र में चीनी गतिविधियां बढ़ते देखकर भारत सरकार ने यह फैसला लिया है। रक्षा सूत्रों के अनुसार रक्षा मंत्रालय के नेतृत्व में तीनों सेनाओं ने यह प्रस्ताव रखा था जिसे गुरुवार को केंद्र सरकार की एक उच्चस्तरीय बैठक में हरी झंडी दे दी गई है। दोहरे उद्देश्यों वाले इन मिलेट्री एयरफील्ड का सैन्य उपयोग के साथ ही वाणिज्यिक उपयोग भी होगा। यहां सभी तरह के युद्धक और मालवाहक विमानों के साथ ही यात्री विमान भी उड़ान भरा करेंगे।

इसके अलावा, भारतीय वायुसेना इस क्षेत्र में लंबी दूरी के ड्रोन का भी इस्तेमाल करेगी।भारतीय वायुसेना इस प्रोजेक्ट का नेतृत्व करेगी। यहां पर सैन्य समागम देखा जा सकेगा। जिसमें तीनों सेनाओं के साथ ही भारतीय तटरक्षकों की भी भागेदारी होगी। मौजूदा प्रस्ताव के अनुसार भारतीय वायुसेना पड़ोसी देश मालदीव के निकट स्थित लक्षद्वीप के आखिरी द्वीप मिनिकाय में संचालित अभियानों का नेतृत्व करेगी।मिनिकाय स्थित एयरपोर्ट से भारतीय रक्षा बलों की सैन्य क्षमता तो बढ़ेगी ही, उन्हें अरब सागर के और विस्तृत इलाके में निगरानी करने का अवसर मिलेगा। सरकार की योजना के तहत इस क्षेत्र में पर्यटन को भी बढ़ावा दिया जाएगा। मिनिकाय स्थित नए एयरपोर्ट के निर्माण का प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय के समक्ष सबसे पहले भारतीय तटरक्षकों ने रखा था।उल्लेखनीय है कि रणनीतिक रूप से मिनिकाय द्वीप इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह मालदीव से सिर्फ 50 मील दूर है। भारत सरकार ने यह कदम तब उठाया है जब चीनी नौसेना ने हिंद महासागर क्षेत्र में अपना दखल बढ़ाना शुरू कर दिया है।

## शैक्षिक जगत में उत्कृष्टता की मिसाल है भारत में जेडी वेंस की ससुराल, पत्नी उषा की 96 वर्षीय परदादी अभी भी पढ़ती हैं फिजिक्स

**हैदराबाद, 19 जुलाई [एजेंसी]।**

अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से उपराष्ट्रपति पद के प्रत्याशी बनाए गए जेडी वेंस की पत्नी उषा चिलुकुरी का दक्षिण भारतीय परिवार अकादमिक कौशल के लिए जाना जाता है। विशेष रूप से उषा की 96 वर्षीय परदादी शांतम्मा चिलुकुरी, जो देश की सबसे अधिक उम्र की सक्रिय प्रोफेसर हैं। वह सेवानिवृत्ति के बाद भी 60 किमी की यात्रा कर विश्वविद्यालय में अधिकांश कार्यदिवस पर फिजिक्स पढ़ाने जाती हैं।शांतम्मा ने उषा के पति जेडी वेंस को अमेरिका में उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाए जाने पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि निश्चित रूप से उनका परिवार इससे खुश है। विशाखापत्तनम शहर से शांतम्मा चिलुकुरी ने फोन पर बताया कि हमारे परिवार में अधिकांश लोग अकादमिक हैं और शिक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। 38 वर्षीय उषा के माता-पिता 1970 के दशक में अमेरिका चले गए और अब सैन डिएगो में इंजीनियरिंग और आणविक जीव विज्ञान पढ़ाते हैं।उषा ने येल और कैंब्रिज यूनिवर्सिटी से पढ़ाई की। उनके पिता और दादा दोनों ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) से पढ़ाई की या पढ़ाया। उनकी छोटी



बहन सैन डिएगों में मैकेनिकल इंजीनियर हैं। उनकी चाची चेन्नई में मेडिकल व्यवसाय में हैं। शांतम्मा ने बताया कि उनका परिवार हिंदू धर्म में गहरी आस्था रखता है। परिवार के अधिकांश लोग वेद और उपनिषद से अच्छी तरह से वाकिफ हैं। उनका परिवार मूलतः आंध्र प्रदेश के वाद्दुरू गांव का रहने वाला है जो बाद में वह चेन्नई में बस गया।

कन्वेंशन में जेडी वेंस का परिचय कराते हुए उनकी भारतवंशी पत्नी उषा चिलुकुरी वेंस ने कहा कि उनके पति अमेरिका के एक महान उपराष्ट्रपति साबित होंगे। इसके साथ ही उन्होंने जेडी के भारतीय भोजन बनाने की उनकी क्षमता के बारे में परिचय दिया था। उन्होंने कहा कि वह हमारे लिए भोजन भी बनाते हैं। येल ला स्कूल से स्नातक उषा ने बताया कि उन दोनों की मुलाकात येल में ही हुई थी। दोनों अलग-अलग पृष्ठभूमि से थे, लेकिन दोनों ने एक दूसरे को समझा। उन्होंने कहा कि जब मुझसे पति का परिचय देने को कहा गया तो मैं अवाक थी। मेरे पास कहने को यही था कि व्याख्या करूं कि वेंस से मैं क्यों प्यार करती हूं।

## चीन के साथ संपर्क में है तिब्बत की निर्वासित सरकार पीएम सेरिंग ने की पुष्टि, की भारत की चीन नीति

**नईदिल्ली, 19 जुलाई ।**

भारत से संचालित तिब्बत की निर्वासित सरकार चीन के साथ लगातार संपर्क में है। यह संपर्क बैक चैनल के जरिये ही चल रहा है और निर्वासित सरकार की तिब्बत की स्वतंत्रता को लेकर नीति में कोई बदलाव नहीं है।निर्वासित सरकार (सेंट्रल तिब्बतन एडमिनिस्ट्रेशन-सीटीए) के प्रधानमंत्री पेनपा सेरिंग का कहना है कि बैक चैनल में विमर्श हो रहा है, लेकिन हमारा मकसद सिर्फ तिब्बत की आजादी है और चीन के साथ परोक्ष स्त्रोतों से जो बात हो रही है, उसका मकसद भी चीन-तिब्बत विवाद का समाधान अंतरराष्ट्रीय नियमों के तहत करना है। तिब्बत की निर्वासित सरकार के प्रधानमंत्री सेरिंग ने गुरुवार को यहां कुछ संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि चीन के साथ उनका संपर्क इस महीने की शुरुआत में ही हुआ है। उल्लेखनीय है कि भारत आधिकारिक तौर पर एक चीन नीति का समर्थन करता है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से भारत की तरफ इस नीति को लेकर कोई बयान नहीं दिया गया है। जहां तक चीन-तिब्बत के बीच संपर्क जारी रखने का सवाल है तो इस पर भारतीय विदेश मंत्रालय ने सार्वजनिक तौर पर कोई बयान नहीं दिया है। फिलहाल सेरिंग ने चीन के साथ बातचीत का कोई ब्योरा तो नहीं दिया, लेकिन उनकी बात से यह भी स्पष्ट होता है कि सीटीए इस वार्ता को लेकर अभी कोई उम्मीद नहीं लगा रहा है।

सेरिंग का कहना है कि अभी कोई उम्मीद नहीं है। यह वार्ता सिर्फ एक संपर्क बनाए रखने के लिए है। हमें लंबी अवधि के लिए भी सोचना है। सेरिंग ने कहा कि अमेरिकी संसद में पारित रिजॉल्व तिब्बत एक्ट (आरटीए) पर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन का हस्ताक्षर होने को बहुत बड़ा सकारात्मक कदम मानते हैं। आरटीए को लेकर हाल ही में चीन ने गहरी नाराजगी जताई थी। चीन ने अमेरिकी राष्ट्रपति को इस विधेयक पर हस्ताक्षर नहीं करने की चेतावनी दी थी। सेरिंग का कहना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह साबित किया है कि उनका देश तिब्बत की समस्या का समाधान तिब्बत की जनता की इच्छानुसार कराने का समर्थन करता है।

## जर्मनी के हैम्बर्ग पहुंचा भारतीय युद्धपोत INS तबर, कई तरह के हथियारों और सेंसर से है लैस

**नईदिल्ली, 19 जुलाई [एजेंसी]।**

भारत का युद्धपोत आईएनएस तबर तीन दिवसीय यात्रा पर जर्मनी के हैम्बर्ग (पहुंचा है। यह यात्रा दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग बढ़ाने के व्यापक प्रयासों के तहत की गई है। भारतीय नौसेना ने कहा कि भारत और जर्मनी के बीच साझा मूल्यों, लोकतांत्रिक सिद्धांतों और वैश्विक शांति एवं सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता की नींव पर बने रिश्ते हैं। यह जहाज कई तरह के हथियारों और सेंसर से लैस है और भारतीय



नौसेना के सबसे शुरुआती स्टील्थ फ्रिगेट में से एक है। आईएनएस तबर भारतीय नौसेना के पश्चिमी बेड़े का हिस्सा है जो पश्चिमी नौसेना कमान के तहत मुंबई में स्थित है। भारतीय नौसेना ने कहा कि जहाज के हैम्बर्ग से रवाना होने पर दोनों नौसेनाएं समुद्री साझेदारी अभ्यास भी करेंगी। जहाज की कमान कैप्टन एमआर हरीश के हाथ में है।

भारतीय नौसेना का पी 8आई विमान बहुपक्षीय अभ्यास, रिम ऑफ द पैसिफिक (रिमपैक) 2024 में अमेरिका के ज्वाइंट बेस पर्ल हार्बर में सैन्य अभ्यास में भाग ले रहा है। ज्वाइंट बेस पर्ल हार्बर-हिकम हवाई के ओहू द्वीप पर एक अमेरिकी सैन्य अड्डा है। बहुपक्षीय अभ्यास के दौरान अमेरिकी सेना और अन्य भाग लेने वाली नौसेनाओं के साथ एंटी सबमरीन मिशन को अंजाम देने के बाद भारतीय नौसेना पी 8आई को ज्वाइंट बेस पर्ल हार्बर, हिकम एयरफील्ड हवाई में उतरते हुए देखा गया।

## खामी या साजिश? गोंडा में कैसे पलटीं चंडीगढ़-डिब्रुगढ़ एक्सप्रेस की बोगियां, जांच करेगी रेलवे

**गोंडा 19 जुलाई।** उत्तर प्रदेश के गोंडा में गुरुवार दोपहर चंडीगढ़-डिब्रुगढ़ एक्सप्रेस के तीन डिब्बे पलट गए और 13 बेपटरी हो गए। हादसे में दो यात्रियों की मौत हो गई और 34 घायल हो गए, जिनमें पांच को गंभीर हालत में लखनऊ रेफर किया गया है। मरने वालों की पहचान बिहार के अररिया जिला निवासी सरोज कुमार सिंह और चंडीगढ़ निवासी राहुल के रूप में हुई है। गोंडा में यह हादसा गुरुवार दोपहर 2.55 बजे मोतीगंज-झिलाही रेलवे स्टेशनों के बीच पिकौरा गांव के पास हुआ। रेलवे ने हादसे की जांच में साजिश के एंगल को भी शामिल किया है। रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) को जांच के निर्देश दिए गए हैं। रेलवे के सूत्रों के अनुसार, लोको पायलट त्रिभुवन ने दावा किया है कि उन्होंने धमाके की आवाज सुनी तो इमरजेंसी ब्रेक लगा दी। इसके बाद डिब्बे पटरी से उतर गए। हादसे के बाद चीख-चीत्कार मच गई। ग्रामीणों ने एसी कोच के शीशे तोड़कर यात्रियों को बाहर निकाला।

## उपचुनाव में भाजपा की इन सीटों पर पंजा लड़ाएगी कांग्रेस! पार्टी के भीतर खाने तैयारियां तेज

**लखनऊ, 19 जुलाई [एजेंसी]।**

प्रदेश में संगठन के विस्तार के साथ ही कांग्रेस की नजर विधानसभा उपचुनाव पर भी है। पार्टी में भीतर खाने इसे लेकर तैयारियां भी की जा रही हैं। कांग्रेस विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए में अपने सहयोगी दल सपा के साथ मिलकर आगे भी ताकत आजमाएगी। पार्टी 10 सीटों पर प्रस्तावित विधानसभा उपचुनाव में उन सीटों पर दांव लगाने की तैयारी में है, जो भाजपा के पास थीं। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि कम से कम चार सीटों पर पंजे की दावेदारी होगी।



उपचुनाव को लेकर जल्द वरिष्ठ पदाधिकारियों की बैठक भी बुलाई जाएगी।लोकसभा चुनाव में रायबरेली व अमेठी समेत छह सीटों पर जीत मिलने के बाद कांग्रेस प्रदेश में संगठन को नए सिरे से खड़ा करने की जुगत में है।

इसके लिए विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई जा रही है। यही वजह है कि कांग्रेस उपचुनाव में भी किस्मत अजमाने की तैयारी में है। लोकसभा चुनाव में नौ विधायक जीते हैं। इसके अलावा कानपुर की सीसामऊ सीट भी रिक्त है। सीसामऊ से सपा विधायक इरफान सोलंकी को बीते दिनों एमपी-एमएलए कोर्ट ने आगजनी के मामले में सात वर्ष की सजा सुनाई थी, जिसके बाद उनकी सदस्यता चली गई थी।लोकसभा चुनाव में भाजपा विधायकों के जीत दर्ज करने के बाद फूलपुर, खैर, गाजियाबाद व मझवां विधानसभा सीटें रिक्त हुई हैं।

वहीं, रालोद ने मीरापुर सीट से अपने विधायक चंदन चौहान को बिजनौर लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में उतारा था। चंदन की जीत के बाद मीरापुर की सीट भी रिक्त है। इसके अलावा सपा के चार विधायकों ने लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज की थी, जिसके बाद मिल्कीपुर, करहल, कटेहरी व कुंदरकी सीट भी रिक्त हैं।

## तकनीकी विकास के लिए भारी निवेश जारी रखेगा चीन, शीर्ष नेताओं की बैठक में राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने और क्या कुछ कहा




**बीजिंग, 19 जुलाई [एजेंसी]।**

धीमी पड़ती आर्थिक विकास की गति पर विचार के लिए चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के शीर्ष नेताओं की बैठक में बड़े नीतिगत निर्णय लिए गए हैं। चार दिन चली बैठक में अर्थव्यवस्था की गति को तेज करने के लिए उसे उच्च तकनीक आधारित बनाए जाने का निर्णय लिया गया है। बैठक के अंत में जारी बयान में यह जानकारी दी गई है। बैठक में कई अन्य निर्णय लिए जाने की सूचना है, लेकिन उन्हें सार्वजनिक नहीं किया गया है। बैठक में चीन की परिस्थितियों के अनुसार विकास का मॉडल विकसित करने का निर्णय लिया गया है। इसमें देश के लोगों की भागीदारी बढ़ाते हुए उन्हें अत्याधुनिक तौर-तरीकों से जोड़ा जाएगा। इससे लंबे समय के लिए मजबूत देश बनाने में मदद मिलेगी। बैठक में निर्धारित लक्ष्य 2029 तक पूरे करने की रूपरेखा तैयार की गई है। उस वर्ष पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (चीन का आधिकारिक नाम) की स्थापना के 80 वर्ष पूरे होंगे। चार दिनों की बैठक में देश की सुरक्षा व्यवस्था में सुधार की गति को तेज रखने का निर्णय लिया गया। कहा गया कि आर्थिक विकास के लिए देश की अंदरूनी और बाहरी सुरक्षा व्यवस्था का बेहतर रहना जरूरी है। साथ ही देश के विकास के लिए कम्युनिस्ट पार्टी के नेतृत्व को भी मजबूत रखना जरूरी माना गया है।

बैठक में राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने उच्च गुणवत्ता वाले विकास का आह्वान किया। उन्होंने साफ संकेत दिया कि सरकार तकनीक के विकास के लिए भारी निवेश की अपनी नीति जारी रखेगी। ऐसा पश्चिमी देशों से मुकाबला करते हुए उन्हें पीछे छोड़ने के लिए आवश्यक है। बयान में कहा गया है कि आधुनिक समाजवादी राष्ट्र के निर्माण के लिए उच्च गुणवत्ता वाला विकास प्राथमिक आवश्यकता है।कोविड महामारी के दौर से चीन की आर्थिक विकास की गति धीमी हुई है। हाल की अप्रैल-जून की तिमाही में यह 4.7 प्रतिशत दर्ज की गई है। इसके चलते रियल एस्टेट सेक्टर में कमजोरी आई है और उपभोक्ता का विश्वास कम हुआ है। बैठक में पूर्व विदेश मंत्री किन गांग और पूर्व रक्षा मंत्री ली शांग्फू को पार्टी की शीर्ष इकाई से हटाने का प्रस्ताव भी पारित किया गया।

## बांग्लादेश में आरक्षण के विरोध में भारी हिंसा, 18 लोगों की मौत,सरकार प्रदर्शनकारियों से बातचीत को तैयार

**ढाका, 19 जुलाई [एजेंसी]।**

बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण के खिलाफ गुरुवार को छात्रों के देशव्यापी बंद के दौरान हुई हिंसक घटनाओं में 18 लोगों की मौत हो गई, जबकि 2,500 से अधिक लोग घायल हो गए। दो दिन से जारी हिंसक झड़पों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 25 हो गई है। ढाका में लाठियों और पत्थरों से लैस हजारों छात्र सशस्त्र पुलिस बलों से भिड़ गए। चटगांव में राजमार्ग को अवरुद्ध करने वाले छात्रों पर पुलिस ने आंसू गैस के गोले भी छोड़े। प्रदर्शन को दबाने के लिए कई स्थानों पर मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। बढ़ती हिंसा के कारण अधिकारियों को गुरुवार दोपहर से ढाका आने-जाने वाली रेलवे सेवाओं के साथ-साथ राजधानी में मेट्रो रेल सेवा को भी बंद करना पड़ा। प्रदर्शनकारियों ने ढाका के रामपुरा इलाके में सरकारी बांग्लादेश टेलीविजन भवन की घेराबंदी कर दी। सामने के हिस्से को क्षतिग्रस्त कर दिया। कई वाहनों को आग लगा दी गई। पत्रकारों सहित लगभग 1,200 कर्मचारी अंदर ही फंस गए थे।

हालात को देखते हुए देशभर में बार्डर गार्ड बांग्लादेश के जवानों को तैनात किया गया है। इससे पहले, बड़े पैमाने पर प्रसारित होने वाले प्रोथोम अलो अखबार ने बताया था कि 11 लोगों की मौत की खबर है। इनमें से नौ मौतें ढाका में हुई हैं जबकि एक राजधानी के बाहरी इलाके सावर में और एक दक्षिण-पश्चिमी मदारीपुर जिले में हुई है। निजी सोमाय टेलीविजन चैनल ने कहा कि पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए रबर की गोलियां, आंसू गैस और ध्वनि ग्रेनेड का इस्तेमाल जारी रखा।



## समृद्धि शुक्ला ने अपनी वैनिटी वैन के खोले राज, बताया आखिर क्यों है उनके लिए खास

ये रिश्ता क्या कहलाता है में अभीरा के किरदार से एक्ट्रेस समृद्धि शुक्ला दर्शकों का दिल जीत रही हैं। उनके डेली रूटीन में वैनिटी वैन का क्या रोल है, इसको लेकर उन्होंने खुलकर बात की और कई राज खोले।

अपने वैनिटी वैन के बारे में बात करते हुए समृद्धि ने कहा, मेरी वैनिटी के लिए मेरे कुछ प्वाइंट्स हैं, मैं अपना मेकअप किट खुद लेकर चलती हूं। मेरे साथ एक फूड बास्केट भी होता है जिसमें बहुत सारा खाना और बेवरेज होते हैं, जो मैं पूरे दिन पीती हूं।

जरूरी मेकअप किट के अलावा, मेरी वैनिटी में एक स्पीकर भी है। अच्छा म्यूजिक सुनना सभी को पसंद होता है। म्यूजिक सुनते हुए चीजें करना और कॉफी पीने का मजा अलग होता है।

समृद्धि ने आगे बताया, मैं वैनिटी वैन में काफी सोती हूं। मैं आमतौर पर अपना खाली समय कुछ और करने के बजाय सोने में बिताती हूं।

जब म्यूजिक की बात आती है, तो समृद्धि का कोई फेवरेट म्यूजिक नहीं है।

उन्होंने कहा, मेरा कोई फेवरेट म्यूजिक नहीं है, लेकिन अगर मुझे कोई एक चुनना हो, तो मैं कहूंगी कि मुझे क्लासिकल जैज बेहद पसंद है। यह बहुत अच्छा है, लेकिन मैं हमेशा यही नहीं सुनती। इसमें हमेशा बहुत सी चीज़ों का मिक्सअप होता है। मैं रैप सुनती हूं, मैं जैज सुनती हूं, मैं पॉप सुनती हूं, यह मेरे मूड पर निर्भर करता है, लेकिन मुझे लगता है कि मैं जैज ज्यादा पसंद करती हूं।

समृद्धि के लिए, उनका वैनिटी वैन मेकअप रूम तैयार होने वाली जगह से कहीं ज्यादा है। यह एक पर्सनल स्पेस है, एक क्रिएटिव हब है, और एक ऐसी जगह है जहां हंसी और खुशी भरपूर है।

चाहे वह सो रही हों या अपने पसंदीदा म्यूजिक पर डांस कर रही हों, उनकी वैनिटी डेली रूटीन का एक अहम हिस्सा है, जो सेट पर लंबे घंटों को आनंददायक बनाता है।

ये रिश्ता क्या कहलाता है का निर्माण राजन शाही ने अपने बैनर डायरेक्टर कट प्रोडक्शन के तहत किया है।

ये रिश्ता क्या कहलाता है स्टार प्लस पर प्रसारित होता है।

टीवी एक्ट्रेस के अलावा समृद्धि शुक्ला वॉयस ओवर आर्टिस्ट हैं। उन्होंने द किसिंग बूथ 2, गुंजन सक्सेना, माइटी लिटिल भीम जैसे प्रोजेक्ट में अपनी आवाज दी है।

उन्होंने सावी की सवारी से टीवी डेब्यू किया, लेकिन लोकप्रियता ये रिश्ता क्या कहलाता है से मिली।

## रिवीलिंग लहंगे में राशि खन्ना ने शेयर किया हॉट लुक

साउथ और बॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेस राशि खन्ना हमेशा अपनी बोल्ड तस्वीरें फैंस के बीच शेयर कर लोगों का सारा अटेंशन अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही बवाल मचाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका ग्लैमरस अंदाज थमने का नाम नहीं ले रहा है।



एक्ट्रेस राशि खन्ना ने अपनी एक्टिंग के दम पर लोगों के बीच अपनी अच्छी पहचान बनाई हैं।

वो भले ही ज्यादा फिल्मों ना दिखाई देती हों लेकिन आए दिन अपनी हॉट फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं।

अब हाल ही में एक्ट्रेस राशि खन्ना ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट की हैं।

इन तस्वीरों में उनका ब्यूटिफुल एंड एलिगेंट लुक देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं। साथ ही उनके लुक्स की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।

राशि खन्ना ने बेहद ही सिंपल व्हाइट और गोल्डन प्रिंट कलर का लहंगा पहना हुआ है, जिसमें वो बला की खूबसूरत नजर आ रही हैं।

कानों में इयररिंग्स, गले में नेकलेस, बालों को अच्छे से स्टाइल कर के साथ ही मिनिमल मेकअप करवा के एक्ट्रेस राशि खन्ना ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं देती हैं।

# एक्सरसाइज के दौरान या तुरंत बाद सिरदर्द होना गंभीर बीमारी के हैं संकेत, नई रिसर्च में हुआ बड़ा खुलासा



आजकल फिट रहना अपने आप में एक बहुत बड़ा चैलेंज है. फिट रहने के लिए एक्सरसाइज, वर्कआउट, जिम इंटेंस वर्कआउट के दौरान के कारण तेज पसीना आता है. वर्कआउट के दौरान सिरदर्द, सांस फूलना और गला सूखने जैसी समस्या होने लगती है. ऐसे कई लोग हैं जिन्हें वर्कआउट के दौरान सिरदर्द से परेशान रहते हैं. हमेशा किसी फिजिकल एक्टिविटी जैसे वॉक, जॉगिंग या एक्सरसाइज करने के बाद तुरंत सिरदर्द होने लगता है. इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं.

ऑक्सीजन की कमी: वर्कआउट करते वक्त कई बार शरीर को ठीक से ऑक्सीजन तक नहीं मिल पाती है. इस कारण ब्रेन में ऑक्सीजन की कमी होने लगती है और सिरदर्द होने लगता है. जब आप इंटेंस फिजिकल एक्सरसाइज करते हैं सांस रोक कर रखते हैं. या हल्की सांस लेते हैं. इसके कारण दिमाग में ठीक से ऑक्सीजन नहीं पहुंच पाती है इसके कारण सिर दर्द हो सकता है. वर्कआउट के दौरान लंबी सांस लें. बीपी का बढना: एक्सरसाइज करते समय शरीर में पानी की कमी होने लगती है. जब शरीर पूरी तरह से हाइड्रेट नहीं होती है तो कंडीशन में सिरदर्द की समस्या हो सकती है. इसलिए वर्कआउट के दौरान पसीना निकले तो लिक्विड डाइट या पानी पीते रहें. शरीर को हाइड्रेट रखना बेहद जरूरी है. पानी की कमी: एक्सरसाइज के दौरान शरीर में पानी की कमी होने लगती है. जब शरीर में पानी की कमी होने लगती है सिरदर्द की समस्या होने लगती है. इसलिए वर्कआउट के दौरान आपको बीच-बीच में पानी पीते रहना है.

नींद पूरी न होना: नींद पूरी न होने के कंडीशन जब आप वर्कआउट करेंगे तो सिरदर्द की समस्या हो सकती है. इससे शरीर में काफी ज्यादा थकान हो सकती है. इसके कारण भी कई बार सिरदर्द की समस्या हो सकती है. अगर आप जिम में हैवी वर्कआउट करते हैं तो आपको अपना स्लीप पैटर्न सही रखना होगा. ब्लड शुगर कम होना: जब आप हैवी वर्कआउट करते हैं तो आपके शरीर में ब्लड शुगर लेवल कम हो सकता है. वर्कआउट के दौरान ब्लड शुगर लेवल डाउन होने से हाइपोग्लाइसीमिया की बीमारी हो सकती है. जिसके कारण सिरदर्द के कारण भी हो सकता है.

वर्कआउट के दौरान ब्लड सर्कुलेशन के कारण शरीर की गर्मी बढ़ जाती है. इस कारण प्यास लगती है. ऐसे में शरीर में अगर पानी की कमी होगी तो आपको सिरदर्द की समस्या हो सकती है.

# अगर आपको भी आ रही है ज्यादा नींद तो समझ जाएं इस विटामिन की हो गई है कमी



अगर आपको बहुत ज्यादा नींद आ रही है और आप हर समय थके हुए महसूस कर रहे हैं, तो यह विटामिन डी की कमी का संकेत हो सकता है. विटामिन डी हमारे शरीर के लिए बहुत जरूरी है, क्योंकि यह हमारी हड्डियों को मजबूत बनाता है और हमारी ऊर्जा को बनाए रखता है. इसके अलावा, यह हमारे इम्यून सिस्टम को भी मजबूत करता है.

विटामिन डी की कमी के लक्षण

* ज्यादा नींद आना: अगर आप दिनभर थकान और नींद महसूस कर रहे हैं, तो यह विटामिन डी की कमी का संकेत हो सकता है.

* हड्डियों में दर्द: विटामिन डी की कमी से हड्डियों में दर्द और कमजोरी हो सकती है.

* मूड में बदलाव: डिप्रेशन और मूड स्विंग्स भी विटामिन डी की कमी से हो सकते हैं.

* कमजोरी: सामान्य काम करने में भी कमजोरी महसूस हो सकती है.

विटामिन डी की कमी के कारण

* धूप का अभाव: हमारा शरीर सूरज की किरणों से विटामिन डी बनाता है. अगर आप ज्यादा समय घर के अंदर बिताते हैं, तो आपको धूप कम मिलती है.

* फूड्स की कमी: विटामिन डी युक्त खाद्य पदार्थ जैसे मछली, अंडे, और दूध का कम सेवन भी कमी का कारण बन सकता है.

* स्वास्थ्य समस्याएं: कुछ स्वास्थ्य समस्याएं जैसे किडनी और लिवर की बीमारी भी विटामिन डी की कमी का कारण बन सकती हैं.

विटामिन डी की कमी से बचाव के तरीके

* धूप में समय बिताएं: रोजाना कम से कम 15-20 मिनट धूप में बिताएं. सुबह की धूप सबसे अच्छी होती है.

* विटामिन डी फूड्स खाएं: अपने डाइट में मछली, अंडे, दूध, और विटामिन डी डाइट शामिल करें. यह विटामिन डी की कमी को पूरा करने में मदद करता है, जिससे आपको ज्यादा नींद और थकान महसूस नहीं होगी. रोजाना धूप में भी कुछ समय बिताएं, ताकि शरीर को पर्याप्त विटामिन डी मिल सके.

* सप्लीमेंट लें: आप विटामिन डी सप्लीमेंट वीकली या रोजाना ले सकते हैं, जैसा डॉक्टर ने सलाह दी हो. यह आपकी विटामिन डी की कमी को पूरा करने में मदद करेगा. सप्लीमेंट की सही मात्रा और समय का पालन करना जरूरी है. हमेशा डॉक्टर की सलाह के अनुसार ही सप्लीमेंट लें.



## धनुष की 50वीं फिल्म रायन का दमदार ट्रेलर आउट

धनुष के निर्देशन में बनी बहुप्रतीक्षित फिल्म रायन का ट्रेलर रिलीज हो गया है। मूवी में धनुष के अलावा प्रकाश राज, संदीप किशन, कालिदास जयराम, दुशारा विजयन, एसजे सूर्या, वरलक्ष्मी सरथकुमार और अपर्णा बालमुरली मुख्य भूमिकाओं में हैं। ट्रेलर रिलीज के साथ ही दर्शकों का खासा ध्यान आकर्षित कर रहा है। आगामी गैंगस्टर ड्रामा की झलकियों ने प्रशंसकों के उत्साह को काफी ज्यादा बढ़ा दिया है।

रायन के ट्रेलर की शुरुआत धनुष के शरीर पर लगे खून को धोते हुए एक शॉट से होती है। जल्द ही, कालिदास और संदीप के पात्रों को किसी बात पर स्पष्ट रूप से नाराज दिखाया जाता है। सूर्या को एक अलग रोशनी में दिखाया गया है, जबकि प्रकाश उनका पीछा करता हुआ प्रतीत होता है। धनुष के किरदार को विभिन्न लोगों पर हमला करते हुए दिखाया गया है। ऐसा लगता है कि उनकी प्रतिशोध की प्यास में कालिदास और संदीप भी शामिल हो गए हैं।

## फिल्म औरों में कहां दम था के नए गाना जहां से चले थे जारी, अजय-तब्बू की दिखी शानदार केमिस्ट्री



नीरज पांडे के निर्देशन में बनी फिल्म औरों में कहां दम था पिछले कुछ समय से चर्चा का विषय बनी हुई है। अजय की यह फिल्म इस साल की बहुचर्चित फिल्मों में शुमार है। इस फिल्म में एक बार फिर अजय देवगन और तब्बू की जोड़ी देखने को मिलेगी। दोनों ने कई हिट फिल्मों में साथ काम किया है। अब औरों में कहां दम था का नया गाना जहां से चले थे रिलीज हो गया है, जिसमें अजय-तब्बू की शानदार केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। अजय देवगन और तब्बू स्टारर फिल्म औरों में कहां दम था एक अधूरी प्रेम कहानी पर आधारित फिल्म है। यह फिल्म 2 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म में अजय देवगन ने कृष्णा और तब्बू ने वसुधा का किरदार निभाया है। फिल्म में अजय और तब्बू के अलावा जिम्मी शेरगिल ने भी मुख्य भूमिका निभाई है। गोल्डन ग्लोब और ऑस्कर पुरस्कार विजेता एम एम कीरावणी उर्फ एम एम क्रीम ने फिल्म औरों में कहां दम था का गाना जहां से चले गाना कंपोज किया है। निर्माता-निर्देशक नीरज पांडे की फिल्म औरों में कहां दम था के इस गाने में कृष्णा और वासु की प्रेम कहानी को बेहतरीन तरीके से दिखाया गया है। इस गाने में 23 सालों के लंबे इंतजार के बाद फिर से दो बिछड़े प्रेमी किस तरह से दोबारा मिलते हैं, उसको दर्शाया गया है।

## शब्द सामर्थ्य -122

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।


**ऊपर से नीचे**

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए, गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 121 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | म | खां | | | ई | | | |
| स | ह | | ब | र | सा | त | | प |
| | क | हा | नी | | न | क | च | ढ़ा |
| त | | | स्व | | | ली | | ई |
| क | या | म | त | | क | फ | न | |
| दी | | दा | | बा | यू | | ह | वा |
| र | ह | ना | | ल | त | खो | र | |
| | वा | | नी | क | र | | | सा |
| भा | ई | | का | | | बा | द | ल |



## कमल हासन की इंडियन 2 को नहीं मिल रहे दर्शक, पांचवें दिन कमाए 3 करोड़ रुपये

कमल हासन स्टारर इंडियन 2 12 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. दिग्गज अभिनेता की ये फिल्म साल 2024 की मोस्ट अवेटेड फिल्म थी और ये रिकॉर्ड संख्या में स्क्रीन पर रिलीज हुई थी. हलांकि मच अवेटेड सीक्वल को सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद पॉजिटिव रिव्यू नहीं मिला लेकिन फिल्म की पहले दिन के लिए धुआंधार एडवांस बुकिंग हुई थी जिसके चलते इंडियन 2 ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी ओपनिंग की लेकिन फिर इसके बाद फिल्म की कमाई का ग्राफ गिरता चला गया. चलिए यहां जानते हैं इंडियन 2 ने रिलीज के पांचवें दिन यानी मंगलवार को कितना कलेक्शन किया है

कमल हासन की इंडियन 2 को लेकर रिलीज से पहले काफी बज था. दरअसल ये फिल्म एक्टर की ब्लॉकबस्टर 1996 में आई इंडियन का सीक्वल है. ऐसे में फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच काफी एक्साइटमेंट थी. वहीं सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद मेगा-बजट फिल्म की शुरुआत तो अच्छी रही लेकिन दूसरे दिन से ये थिएटर्स में दर्शकों के लिए तरसती हुई नजर आ रही है और इसी के साथ इंडियन 2 उम्मीद के मुताबिक बॉक्स ऑफिस पर परफॉर्म नहीं कर पा रही है.

इंडियन 2 की कमाई की बात करें तो इस फिल्म ने रिलीज के पहले दिन 25.6 करोड़ से खाता खोला था. इसके बाद दूसरे दिन फिल्म ने 18.2 करोड़ कमाए. तीसरे दिन इंडियन 2 का कलेक्शन 15.35 करोड़ रहा. वहीं चौथे दिन फिल्म की कमाई 3 करोड़ रुपये हुई. वहीं अब इंडियन 2 की रिलीज के पांचवें दिन यानी मंगलवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं.

सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक इंडियन 2 ने रिलीज के 5वें दिन 3 करोड़ का कलेक्शन किया है. इसके बाद इंडियन 2 की पांच दिनों की कुल कमाई अब 65.15 करोड़ रुपये हो गई है.

इंडियन 2 को दर्शकों से ठंडा रिस्पॉन्स मिल रहा है. इसकी एक वजह ये भी है कि इस फिल्म को प्रभास की ब्लॉकबस्टर कल्कि 2898 एडी से मुकाबला करना पड़ रहा है. कल्किन रिलीज के तीसरे हफ्ते में भी लेटेस्ट इंडियन 2 से ज्यादा कारोबार कर रही है. ऐसे में इंडियन 2 के लिए कल्कि के आगे टिकना मुश्किल हो रहा है.वहीं कल्कि ने हिंदी बेल्ट में भी अच्छा परफॉर्म किया है और 250 करोड़ से ज्यादा का कारोबार कर लिया है. वहीं इंडियन 2 को हिंदी भाषी क्षेत्रो में दर्शकों से बेहद ठंडा रिस्पॉन्स मिल रहा है. ऐसे में देखने वाली बात होगी कि क्या इंडियन 2 बॉक्स ऑफिस पर घटती कमाई के साथ शतक लगा पाती है या नहीं.

## फिल्म स्त्री 2 का नया पोस्टर आया सामने, राजकुमार राव समेत सभी कलाकारों की दिखी झलक

श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की हॉरर-कॉमेडी फिल्म स्त्री को दर्शकों का खूब प्यार मिला था।यह फिल्म साल 2018 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और अब 6 साल बाद स्त्री की दूसरी किस्त दर्शकों का मनोरंजन करने को तैयार है।स्त्री 2 का ट्रेलर कल यानी 18 जुलाई को रिलीज होगा।इससे पहले अब निर्माताओं ने




फिल्म का नया पोस्टर साझा किया है, जिसमें राजकुमार से लेकर श्रद्धा समेत सभी कलाकारों की झलक दिखने को मिल रही है।

श्रद्धा और राजकुमार के अलावा पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना और अभिषेक बनर्जी भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। फिल्म का निर्देशन अमर कौशिक ने किया है।स्त्री 2 15 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है।बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म का सामना अक्षय कुमार-तापसी पन्नू की फिल्म खेल खेल में और अल्लू अर्जुन-रश्मिका मंदाना की फिल्म पुष्पा: द रूल से होगा।इसके अलावा जॉन अब्राहम की फिल्म वेदा भी 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

स्त्री 2 2024 की बहुप्रतीक्षित हॉरर कॉमेडी फिल्मों में से एक है। फिल्म का टीजर पहले ही दर्शको को काफी पसंद आया है। ऐसे में अब लोगों को फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। फिल्म का टीजर 25 जून को रिलीज किया था। राजकुमार राव ने टीजर साझा कर लिखा था, इस बार चंदेरी में आजादी के दिन होगा आतंक! लीजेंड इस स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को वापस आ रहे हैं।

टीजर की शुरुआत राजकुमार राव और अन्य लोगों द्वारा स्त्री की मूर्ति पर दूध चढ़ाने से होती है। टीजर में स्त्री के रूप में श्रद्धा कपूर की झलक दिखाई देती है। साथ ही तमन्ना भाटिया भी नजर आती हैं। फिल्म स्त्री 2 का निर्देशन अमर कौशिक ने किया है। इसके निर्माता जियो स्टूडियोज और दिनेश विजान हैं। फिल्म का पहला भाग साल 2018 में रिलीज हुआ था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कारोबार किया था। यह फिल्म हिट हुई थी।

तरुण छत्तीसगढ़
e-Paper
www.tarunchhattisgarhkorba.com





## यूनियन वेरिफिकेशन के प्रति लगे आरोप निराधार:धर्मेंद्र सिंह

### बैकुंठपुर क्षेत्र में बीएमएस यूनियन प्रथम स्थान पर

**चरचा कालरी।** गत दिवस बैकुंठपुर क्षेत्र अंतर्गत चर्चा आर ओ में संपन्न हुए यूनियन वेरिफिकेशन में भारतीय मजदूर संघ बीएमएस यूनियन को श्रमिकों का जबरदस्त विश्वास मत हासिल हुआ था और सर्वाधिक सदस्य संख्या के साथ भारतीय मजदूर संघ प्रथम स्थान पर पहुंची थी यूनियन वेरिफिकेशन में शेष चारों श्रम संगठनों के द्वारा आपत्ति दर्ज करते हुए विरोध किया गया था और जांच कार्यवाही की मांग की गई थी इनका कहना था कि यूनिट के वर्तमान मैन पावर से बढ़कर वोट डाले गए हैं चर्चा ईस्ट में 650 मैनपॉवर की जगह 808 लोगों ने वेरिफिकेशन में भाग लिया जो की पूरी तरह गलत है इसके अतिरिक्त श्रमिक नेताओं ने धांधली का भी आरोप लगाया इसके संबंध में कालरी प्रबंधन द्वारा प्रबंधक कार्यालय में समस्त श्रम संघों के साथ बैठक रखी गई थी इस बैठक में प्रबंधन की ओर से जितेंद्र कुमार सह क्षेत्र प्रबंधक चर्चा ,हरेंद्र तिवारी कार्मिक प्रबंधक हीरा सिंह कार्मिक प्रबंधक व श्रम संघ प्रतिनिधि एटक यूनियन से रियाज अहमद ,कामेश्वर प्रधान ,राजेंद्र बीएमएस यूनियन से जितेंद्र श्रीवास्तव, सुशील शर्मा ,एच एम एस यूनियन से अशोक निर्मलकर, महेश यादव, विनोद शुक्ला, ज्ञानेंद्र पांडे सीटू यूनियन से बलजिंदर सिंह ,विनोद गुप्ता, भूदेव प्रसाद राजेश बर्मन आदि बैठक में शामिल थे बैठक में सभी पहलुओं की जांच की गई जांच उपरांत किसी प्रकार की हेरा फेरी नहीं पाई गई और समस्त उपस्थित प्रतिनिधियों ने पूर्व के यूनियन बेनिफिशियरी के आंकड़ों को यथावत सही माना जांच प्रक्रिया में उपस्थित समस्त श्रमिक नेताओं ने उस पर हस्ताक्षर भी किया भारतीय श्रमिक भारतीय मजदूर संघ के श्रमिक नेता धर्मेंद्र सिंह एवं जितेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि श्रमिक हित हेतु हमारा संगठन प्रतिबद्ध है भारतीय मजदूर संघ की विश्वसनीयता और लोकप्रियता दिन पर दिन बढ़ते जा रही है संघ के प्रति लगे आरोप निराधार पाए गए हैं सभी यूनियन से अनुरोध है कि चर्चा कालरी के श्रमिकों के हितों की रक्षा हेतु मिलजुल कर और भी बेहतर प्रयास किया जाएगा। गौरतलब है कि हेलो यूनियन वेरिफिकेशन में चर्चा क्षेत्र में भारतीय मजदूर को संघ को सर्वाधिक 669 विश्वास मत हासिल हुए उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी इंटक यूनियन से 208 मत ज्यादा हासिल किए थे इसी क्रम में क्षेत्रीय स्तर पर भारतीय मजदूर संघ को 1373 विश्वास मत मिला दूसरे स्थान पर एचएमएस यूनियन को 771 विश्वास मत मिले अर्थात क्षेत्रीय स्तर पर भी बीएमएस यूनियन 302 विश्वास मत से आगे रही क्षेत्रीय स्तर पर एटक यूनियन 783 विश्वास मत हासिल कर तीसरे स्थान पर रही व चौथे स्थान पर इंटक यूनियन को 724 मत प्राप्त हुए।

## स्वस्थ तन स्वस्थ मन स्वास्थ्य सुविधा योजना के तहत 31 तक आवेदन

**कोरिया।** आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि छात्रावास, आश्रमों में निवासरत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के लिए ''स्वस्थ तन स्वस्थ मन'' स्वास्थ्य सुविधा योजना वर्ष 2007 के अन्तर्गत शिक्षा सत्र 2024-25 में जिले में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं की अनुपलब्धता वाले छात्रावास, आश्रमों में चिकित्सीय परीक्षण स्थानीय स्तर पर अनुबंध के आधार पर किये जाने हेतु निजी प्रैक्टिशनर चिकित्सक (एम.बी.बी.एस/बी.ए.एम.एस) से 31 जुलाई 2024 सायं 5 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये है। संस्था हेतु चिकित्सक का अनुबंध शैक्षणिक सत्र 2024-25 माह अप्रैल 2025 तक के लिये होगा। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग कोरिया से सम्पर्क किया जा सकता।

## शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु आवेदन 30 तक आवेदन

**कोरिया।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोनहत से मिली जानकारी अनुसार सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालन के ग्राम पंचायत के महिला स्व.सहायता समूह, लैम्प्स, अन्य समूह, सहकारी समितियों 30 जुलाई 2024 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये है। जिले के विकासखंड सोनहत के शासकीय उचित मूल्य दुकान उज्ञांव आई.डी क्रमांक 532003003, शासकीय उचित मूल्य दुकान सिघोर आई.डी क्रमांक 532003002 एवं शासकीय उचित मूल्य दुकान रामगढ़ आई.डी क्रमांक 532003004 हेतु आवेदन पत्र आमंतित्र किये गये है।

## राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ नायक 25 को प्रकरणों की सुनवाई करेंगी

**कोरिया।** राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ किरणमयी नायक 25 जुलाई 2024 को सूरजपुर, कोरिया एवं एमसीबी जिले के प्रकरणों की सुनवाई प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक कलेक्टर सभाकक्ष में होगी। जहॉ महिलाओं के उत्पीड़न से संबंधित प्राप्त प्रकरणों पर सुनवाई की जायेगी। राज्य महिला आयोग के सचिव ने बताया कि सुनवाई के दौरान सभी पक्षकार अपने निर्धारित समय में उपस्थित होगे।

## भारतीय थल सेना अग्निवीर भर्ती

कोरिया। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि भारतीय थल सेना अग्निवीर भर्ती हेतु माह अप्रैल 2024 में सेना भर्ती कार्यालय द्वारा लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसका परिणाम घोषित किया जा चुका है। चयन परिणाम भारतीय थल सेवा के वेब साईट www.kzoinindianarmy.nic.in में देखा जा सकता है। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यार्थियों के लिए 04 से 12 दिसम्बर 2024 तक जिला रायगढ़ में शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित की जायेगी। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले के लिखित परीक्षा में सफल अभ्यार्थियों को शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण अन्तर्गत अभ्यार्थियों को 1.6 किमी दौड़, बीम, पुल अफ, 09 फीट गड्ढा कुदना एवं बैलेंसिंग बीम में चलना इत्यादि शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण निःषुल्क दिया जाएगा। इच्छुक अभ्यार्थी अपना आवेदन 5 अगस्त 2024 तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोरिया (कलेक्ट्रेट परिसर के कक्ष क्रमांक 62) में जमा कर सकते है।

## नक्शा बटांकन से सुलझ रही है परिवारों की भूमि संबंधी दिक्कतें

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में गठित नई सरकार में राजस्व संबंधी मामलों का तेजी से निराकरण हो रहा है। रायगढ़ जिले में खसरों का नक्शा बटांकन के अभियान से कई परिवारों की समस्याएं सुलझ रही हैं, वहीं राजस्व अभिलेखों में भी शुद्धता आ रही है। नक्शा बटांकन होने के कारण दो युवाओं को एसईसीएल में नौकरी भी मिली है। बैंक लोन, रजिस्ट्री आदि कार्य हेतु आवश्यक दस्तावेज आसानी से प्राप्त होने के साथ ही भूमि संबंधी विवाद भी सुलझ रहा है। जिला प्रशासन द्वारा जनसामान्य की सुविधा के लिए रायगढ़ के सभी तहसीलों में नक्शा बटांकन कार्य को अभियान चलाकर पूरा किया जा रहा है। विगत माह दिसम्बर 2023 से अब तक नक्शा बटांकन कार्य में लगभग 18 प्रतिशत की प्रगति आयी है। इस अवधि में लगभग 90 हजार खसरों का नक्शा बटांकन किया गया है। जनसामान्य को खसरा एवं नक्शा के आसानी से उपलब्ध होने पर अब कार्यालय में आना नहीं पड़ रहा है।

# एसईसीएल चिरमिरी के अधिकारियों के विरुद्ध उच्च न्यायालय के अवमानना की कार्यवाही शुरू

### चिरमिरी सती मंदिर का मामला

**कोरिया बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के द्वारा 19 सितंबर 2023 में दिए गए एक महत्वपूर्ण आदेश में चिरमिरी के एसईसीएल अधिकारियों के द्वारा पालन नहीं करने के कारण छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने इन अधिकारियों के विरुद्ध पेश किए गए अवमानना याचिका को स्वीकार कर अवमाननाकर्तागण को नोटिस जारी कर चार हफ्ते के भीतर जवाब मांगा है।

चिरमिरी निवासी आरटीआई कार्यकर्ता राजकुमार मिश्रा के द्वारा वर्ष 2019 में एक रिट याचिका प्रस्तुत कर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय से मांग किया था कि चिरमिरी में स्थित सती मंदिर को संरक्षित किया जाए क्योंकि प्राचीन स्मारक तथा पुरातात्विक स्थल और अवशेष अधिनियम 1958 की धारा 2 के तहत जो वस्तु 100 वर्ष से पुरानी हो जाती है वह पुरातात्विक संपत्ति के रूप में घोषित हो जाती है उसके संरक्षण की जिम्मेदारी केंद्र एवं राज्य सरकार की होती है।

इस संबंध में बता दें कि छत्तीसगढ़ पुरातत्व विभाग इस संबंध में विधिवत जांच और प्रतिवेदन राज्य सरकार और केंद्र सरकार को पेश किया था. इस प्रतिवेदन में उन्होंने माना था कि चिरमिरी क्षेत्र में स्थित सती मंदिर 14वीं-15वीं शताब्दी का है इसे संरक्षित किया जाना चाहिए।



इस आधार पर राजकुमार मिश्रा के द्वारा छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में एक रिट याचिका क्रमांक 3519 वर्ष 2019 प्रस्तुत किया गया था. याचिकाकर्ता राजकुमार मिश्रा के याचिका पर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार और केंद्र सरकार से जवाब मांगा था. इसके पश्चात छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका क्रमांक 150 वर्ष 2022 प्रस्तुत की गई. इस जनहित याचिका के साथ आईटीआई कार्यकर्ता राजकुमार मिश्रा की याचिका भी जोड़ दी गई और दोनों याचिकाओं की सुनवाई एक साथ दिनांक 19 सितंबर 2023 को किया गया. इस याचिका में दिए निर्देश का पालन एसईसीएल चिरमिरी के अधिकारियों के द्वारा विधिवत नहीं किया जा रहा था, साथ ही सती मंदिर के अवशेष जिसमें देवी-देवताओं की मूर्तियां थी, फावड़ा, बेल्चा, गैती आदि से खोदकर दूसरी जगह शिफ्ट किया गया और इस मंदिर को नष्ट करने के उद्देश्य से यह बहाना बनाकर की कोयला निकालना है बारूद लगाकर ब्लास्ट किया गया, जिसमें जमीन के अंदर की कई मूर्तियां नष्ट हो गई।

आम जनता के शिकायत पर इस संबंध में एसडीएम चिरमिरी के आदेश से चिरमिरी थाना में एसईसीएल के अधिकारियों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया। उपरोक्त तथ्यों के आधार पर आईटीआई कार्यकर्ता राजकुमार मिश्रा के द्वारा छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में अवमानना याचिका प्रस्तुत की गई, जिसे उच्च न्यायालय के द्वारा स्वीकार कर लिया गया और दोषी अधिकारी मनीष कुमार सिंह उप क्षेत्रीय प्रबंधक बरतुंगा, अरुण चौहान उप क्षेत्रीय प्रबंधक कुरासिआ तथा चैनमैन राजेश्वर श्रीवास्तव के विरुद्ध अवमानना नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश जारी किया गया है।

## कलेक्टर ने किया शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र का निरीक्षण

**सूरजपुर।** कलेक्टर रोहित व्यास के द्वारा शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र बसदेई में चल रहे मत्स्य बीज उत्पादन कार्य का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने मत्स्य बीज उत्पादन हेतु बनाई गई हैचरी एवं हैचरी में विभिन्न चरणों में अपनाई जा रही प्रक्रिया का अवलोकन किया। मत्स्यबीज उत्पादन हेतु बनाए गए तालाब का अवलोकन करते हुए उत्पादित की जाने वाली विभिन्न प्रजाति की मछलियों की जानकारी ली। इस दौरान सहायक संचालक मछली पालन एम एस सोनवानी, द्वारा बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु 350 लाख स्पॉन मत्स्य बीज, एवं 80 लाख स्टैंडर्ड फ्राई मत्स्य बीज का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इसके विपक्ष में अब तक कुल 130 लाख स्पॉन का उत्पादन करा लिया गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि जिले के मत्स्य कृषकों को अगले माह अगस्त से मत्स्य बीज उपलब्ध हो जाएगा।

## शासकीय उचित मूल्य दुकानों के संचालन के लिए आवेदन आमंत्रित

**सूरजपुर।** आमजनों, सहकारी समितियों, वृहद आदिम जाति बहुउद्देशीय सहकारी समिति (लेम्पस), प्राथमिक कृषि साख समिति, वन सुरक्षा समिति, महिला स्वयं सहायता समूह, ग्राम पंचायत अन्य उपभोक्ता सहकारी समिति तथा स्थानीय नगरीय निकाय को सूचित किया जाता है कि शासकीय उचित मूल्य दुकान ग्राम पंचायत नवापाराकला विकासखण्ड प्रेमनगर का नवीन आबंटन नियुक्त किया जाना है। शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन के इच्छुक संस्था अपना आवेदन 29 जुलाई तक कार्यालयीन समय शाम 05.30 बजे तक संबंधित कार्यालय में उपस्थित होकर अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप में संस्था के प्रस्ताव एवं अन्य दस्तावेज सहित प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

## डी बी टी के माध्यम से ही किसानों को मिलेगी बागवानी मिशन की राशिःडॉ. चतुर्वेदी

**कोरिया।** राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत जिला स्तरीय समिति की बैठक मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी की अध्यक्षता में जिला पंचायत के मंथन कक्ष संपन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत की कृषि समिति के सभापति श्री दृगपाल सिंह और केनापारा ग्राम पंचायत के उन्नत कृषक उपस्थित रहे। बैठक में सहायक संचालक उद्यान श्री विनय कुमार त्रिपाठी द्वारा जिला मिशन समिति के समक्ष राष्ट्रीय बागवानी मिशन के अंतर्गत कोरिया जिले को वर्ष 2024-25 में प्राप्त भौतिक लक्ष्यों के विषय में जानकारी प्रस्तुत की गई। बैठक में विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए जिला पंचायत सीईओ डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत प्रत्येक हितग्राहियों को सीधे डी बी टी के माध्यम से ही भुगतान किया जाए। उन्होंने कहा कि शेड नेट सहित प्रत्येक विशेष महत्व के अनुदान हेतु वास्तविक हितग्राहियों को चयनित किया जाए। जिला कृषि समिति के सभापति श्री दृगपाल सिंह ने बताया कि फल उत्पादक किसानों को बिक्री के लिए उचित माध्यम उपलब्ध कराया जाए इस पर जिला पंचायत सीईओ ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक फल उत्पादक किसानों को फल,सब्जी बेचने के लिए उचित बाजार उपलब्ध कराने के लिए कार्ययोजना रखें ताकि किसानों को उनके उत्पाद का सर्वाधिक मूल्य प्राप्त हो सके। इस बैठक में फल क्षेत्र विस्तार, सब्जी क्षेत्र विस्तार, पुष्प क्षेत्र विस्तार, मसाला क्षेत्र विस्तार, संरक्षित खेती जैसे शेडनेट हाउस, प्लास्टिक मल्चिंग, मधुमक्खी पालन एवं प्रशिक्षण एवं भ्रमण के लक्ष्यों पर चर्चा कर अनुमोदन किया गया। समिति में यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट जैसे पैक हाउस, कोल्ड रूम स्टेगिंग और मेला प्रदर्शनी के प्रत्येक हितग्राही का चयन निर्धारित प्रक्रिया के तहत किया जाएगा।

## प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को आंगनबाड़ी केन्द्रों पर दी जाएगी खुराक

### 6 माह से 5 वर्ष तक के 24 हजार से अधिक बच्चों के टीकाकरण का लक्ष्य

**कोरिया।** शासन के निर्देशानुसार प्रदेश में शिशु संरक्षण माह का आयोजन 19 जुलाई से 23 अगस्त 2024 तक किया जाएगा। विगत दिनों कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने समय-सीमा की बैठक में स्वास्थ्य व महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को शिशु संरक्षण माह बहुत ही जिम्मेदारी पूर्वक करने के निर्देश दिए हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों में नियमित रुप से बच्चों को पोषण आहार, गरम भोजन देने के निर्देश दिए हैं। बता दें प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को आंगनबाड़ी केन्द्र अथवा स्वास्थ्य केन्द्रों पर शिशुओं को निर्धारित सेवायें दी जाएगी।

अभियान का उद्देश्य बच्चों में होने वाले आंख से संबंधित रोग मोतियाबिन्द, रतौंधी, बिटॉट स्पॉट एवं खून की कमी को दूर करना है। अभियान के दौरान शिशु स्वास्थ्य संवर्धन से संबंधित कार्यक्रम एवं गतिविधियां विटामिन ए सिरप 9 माह से 5 वर्ष के बच्चों को 6 माह के अंतराल में पिलाया जाता है। साथ ही आयरन फोलिक एसिड सिरप भी दिया जाता है। बच्चों में पोषण के स्तर की जांच के लिए वजन लेकर पोषण आहार के विषय में पालक को जानकारी और अति गंभीर कुपोषित बच्चों को चिन्हांकित कर पोषण पुनर्वास केन्द्रों भर्ती किया जाना एवं गर्भवती माताओं की जांच करते हुए स्तनपान एवं पोषण आहार के विषय पर चर्चा किया जाना शामिल है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.एस. सेंगर ने बताया कि जिले में विटामिन ए एवं आयरन फोलिक एसिड सिरप सोनहत ब्लाक के 6 माह से 5 वर्ष तक के 5 हजार 361 व बैकुंठपुर ब्लॉक के 13 हजार 926 व बचरा पोड़ी के 5 हजार 145 इस तरह 24 हजार 432 बच्चों को सीरप पिलाया व टीकाकरण लगाया जाएगा। इन्हे स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिनों के सहयोग से प्रत्येक मंगलवार व शुक्रवार को सेवायें प्रदाय किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने पालकों से आग्रह किया है कि निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने बच्चों को विटामिन ए एवं आयरन फोलिक एसिड सिरप अवश्य पिलाये। उन्होंने जनप्रतिनिधि एवं जनसामान्य को अपील करते हुए कहा है कि शिशु संरक्षण माह के दौरान पांच साल तक के बच्चों को अपने निकटतम शिशु संरक्षण बूथ तक ले जाने हेतु प्रेरित करें।

## मोहर्रम पर इमाम हुसैन की शहादत को याद किया गया



**कोरिया चरचा।** इस्लामिक साल के पहले महीने मोहर्रम में पैगंबर मोहम्मद के नवासे हजरत इमाम हुसैन की शहादत का दिन एवं त्याग और बलिदान का पर्व मुस्लिम कौम के लोगों ने शांतिपूर्ण तरीके से मनाया। कोरिया जिला के चरचा कॉलरी में उर्दू तारीख़ के 10वीं के दिन मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा दोपहर में दुआएं आशूरा, फातिहा किया और अमन चैन की दुआ मांगी गई। उसके बाद खिलाड़ियों ने मैदान में लाठी और औजारों से एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज करतब दिखाए।

वहीं मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शांति प्रेम और भाईचारे को मजबूत करने का संदेश दिया। अखाड़े में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला कलेक्टर की धर्मपत्नी एकता लहंगे शामिल हुई। साथ ही मंच पर कई जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी भाग लिया।

मुस्लिमों के अंतिम नबी पैगंबर हजरत मोहम्मद के नवासे इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए मुस्लिम समुदाय के लोग मुहर्रम पर गम मनाते हैं। मुहर्रम महीने का दसवां दिन सबसे खास माना जाता है। बताया गया है कि मुहर्रम के महीने की 10वीं तारीख को कर्बला की जंग में पैगंबर हजरत मोहम्मद के नवासे हजरत इमाम हुसैन की शहादत हुई थी। इस्लाम की रक्षा के लिए उन्होंने खुद को कुर्बान कर दिया था। इस जंग में उनके साथ उनके 72 साथी भी शहीद हुए थे। लेकिन बातिल के आगे अपना सिर नहीं झुकाया। कर्बला के प्यासे शहीदों की याद में मोहर्रम का पर्व मनाया जाता है।

## कलेक्टर ने ली मासिक समीक्षा बैठक

**सूरजपुर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षा बैठक ली। जिसमें जिले के सभी शासकीय विद्यालयों की स्थिति, बच्चों की नियमित उपस्थिति, उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के साथ अन्य विषयों पर बिंदुवार चर्चा हुई। साथ ही बैठक में शिक्षक व विद्यार्थियों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश भी कलेक्टर ने दिया। इसके अलावा उन्होंने अधिकारियों को सभी विद्यालयों के औचक निरीक्षण करने एवं हर 15 दिन में विद्यालय का मूल्यांकन करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही कलेक्टर ने कक्षा 8वीं से 10वीं के विद्यार्थियों में स्कूल छोड़ने की प्रवृत्ति के लेकर खास ध्यान देने की बात कही। कलेक्टर व्यास ने सभी शासकीय स्कूलों में बेहतर शिक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शिक्षा विभाग की गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की इसके लिए उन्होंने स्कूलों में बच्चों एवं शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा बच्चों के पढ़ाई के स्तर को सतत ट्रैक करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने लगातार अनुपस्थित रहने वाले बच्चों के चिन्हांकन के निर्देश करने को कहा। साथ ही ऐसे बच्चे जिनका अटेंडेंस कम है, उनकी सूची तैयार कर उनके पालकों से संपर्क करने एवं काउंसलिंग करने के निर्देश उपस्थित सभी बीईओ को दिये गये ताकि उनमें शिक्षा का स्तर बेहतर हो सके।

## परिवार परामर्श केन्द्र में 516 जोड़े एक साथ रहने हुए राजी



**सूरजपुर।** डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) के निर्देशन में जिले में संचालित 2 परिवार परामर्श केन्द्र की बैठक प्रत्येक दिवस आयोजित किया जा रहा है। परामर्श केन्द्र में घरेलू एवं आपसी पति-पत्नि के बीच विवाद के मामलों की सुनवाई संवेदनशीलता किया गया जिसमें 516 जोड़े एक साथ रहने को राजी हुए है। परामर्श देने वाली टीम लगातार ऐसे परिवारों जो कि टूटने के कगार पर पहुंच गए हैं उन्हें जोड़ने का काम कर रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो के मार्गदर्शन में परामर्श केन्द्र में हुए काउंसलिंग से वर्ष 2022 में 208, वर्ष 2023 में 199 एवं वर्ष 2024 में अब तक 109 कुल 516 बिछुड़े जोड़े के बीच सकारात्मक रूप से चर्चा कर काउंसलिंग कर आपसी समझौता कराया गया जो सभी जोड़े सुखी जीवन जीने के लिए राजी हुए। 503 मामले में दोनों पक्षों के उपस्थित नहीं होने अथवा समझौता की बात नहीं बनी। समझौता नहीं हो पाने के मामले में उन्हें न्यायालय जाने की सलाह दी गई। परिवार बिखरे न इसी उद्देश्य से डीआईजी/एसएसपी सूरजपुर के निर्देश पर जिले के परिवार परामर्श केन्द्र सूरजपुर व महिला पुलिस सहायता केन्द्र जरही के द्वारा प्रत्येक दिवस इस प्रकार की शिकायतों पर दोनों पक्षों के मध्य एक बेहतर एवं स्वच्छ वातावरण में काउंसिलिंग के माध्यम से समझाईश देकर पति-पत्नी के बीच आपसी समझौता लगातार कराया जा रहा है। काउंसलिंग में एसआई पुष्पा तिर्की, एएसआई नीलकुसूम, सामाजिक कार्यकर्ता जयश्री टेकाम, रंजना सिंह, अधिवक्ता विमला राजवाड़े, वालेंटियर विकास प्रजापति, नोविन राजवाड़े, प्रधान आरक्षक शिवेन्द्र परिहार, महिला आरक्षक तिर्कीरोश, आरक्षक राधाकृष्ण पैंकरा, तिलेश्वर सिंह, महिला नगर सैनिक सुशीला यादव व रानी कनेडिया सक्रिय रहे।

## संचालित छात्रावासों/आश्रमों में निरीक्षण के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**कोरिया।** आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास रायपुर के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने विभाग अंतर्गत संचालित छात्रावास आश्रमों में रहने छात्र-छात्राओं शासन की योजनाओं का बेहतर लाभ मिले इसके निरीक्षण हेतु अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

कलेक्टर श्री लंगेह ने विकासखण्ड सोनहत के आदिवासी बालक आश्रम सिंघोर एवं आदिवासी प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास अकलासरई के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी बैकुण्ठपुर के कार्यपालन अभियंता श्री सी.बी. सिंह, आदिवासी प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास सोनहत एवं एकलव्य संयुक्त आदर्श आवासीय विद्यालय सोनहत (बालक छात्रावास) के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोनहत श्री राकेश साहू, एकलव्य संयुक्त आदर्श आवासीय विद्यालय सोनहत, आदिवासी प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास रामगढ़ एवं उज्ञांव के लिए जिला शिक्षा अधिकारी बैकुण्ठपुर श्री जितेन्द्र गुप्ता, आदिवासी प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास, आदिवासी पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास एवं आदिवासी बालक आश्रम कटगोड़ी, के लिए समग्र शिक्षा सहायक जिला परियोजना अधिकारी, श्री अनिल कुमार जायसवाल, आदिवासी प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास, आदिवासी बालक आश्रम सुन्दरपुर एवं आदिवासी पोस्ट-मैट्रिक बालक छात्रावास सोनहत के लिए जनपद पंचायत सोनहत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री मनोज कुमार जगत, आदिवासी बालक आश्रम रावतसरई, मझारटोला एवं आदिवासी प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास पुसला के लिए राजीव गॉधी शिक्षा मिशन श्री संजय सिंह, आदिवासी बालक आश्रम भैंसवार, तेलीमुड़ा एवं लब्जी के लिए सहकारी संस्थाएँ सहायक पंजीयक विजय सिंह, आदिवासी बालक आश्रम घुघरा एवं आदिवासी प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास घुघरा के लिए सोनहत तहसीलदार पी.एन. कौशिक, आदिवासी बालक आश्रम बंशीपुर एवं म0प्र0 वनवासी मंडल आदिवासी बालक छात्रावास नौंगई के लिए ग्रामीण यांत्रिकी सेवा बैकुण्ठपुर के कार्यपालन अभियंता श्री आभाष कुमार सिन्हा, आदिवासी प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास तंजारा एवं बसवाही के लिए विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सोनहत अरविन्द सिंह, अनुसूचित जाति प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास, आदिवासी प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास, आदिवासी कन्या आश्रम, आदिवासी पोस्ट-मैट्रिक कन्या छात्रावास सोनहत के लिए पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ विभा सिंह, आदिवासी प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास एवं आदिवासी कन्या आश्रम रामगढ़ के लिए उप अभियंता कीर्ति जायसवाल, एकलव्य संयुक्त आदर्श आवासीय विद्यालय सोनहत के लिए महिला एवं बाल विकास अधिकारी सोनहत श्रीमती शशि जायसवाल तथा आदिवासी पोस्ट-मैट्रिक कन्या छात्रावास, आदिवासी प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास कटगोड़ी एवं आदिवासी कन्या आश्रम मेण्ड्रा के लिए जिला पंचायत के उप संचालक पंचायत श्रीमती ऋतु साहू को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

इसी प्रकार विकासखण्ड बैकुण्ठपुर के आदिवासी प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास एवं आदिवासी पोस्ट-मैट्रिक बालक छात्रावास बैकुण्ठपुर के लिए जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री ए. टोप्पो, आदर्श बालक छात्रावास बैकुण्ठपुर के लिए पशु चिकित्सालय नगर के सहायक शल्यज्ञ श्री नीलकांत राजवाड़े, अनुसूचित जाति प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास, अनुसूचित जाति पोस्ट-मैट्रिक बालक छात्रावास बैकुण्ठपुर के लिए जिला पंजीयक अधिकारी श्री विवेक सिंह, सेंट जेवियर्स बालक छात्रावास, सेंट जेवियर्स बालक आश्रम रामपुर, आदिवासी प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास सारा एवं आदिवासी बालक आश्रम देवानीबांध के लिए जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अलेक्जेण्डर पन्ना, आदिवासी प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास पटना, आदिवासी बालक आश्रम मुरमा, आदिवासी प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास कुड़ेली एंव पसला के लिए पटना तहसीलदार उमेश कुशवाहा, आदिवासी प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास, आदिवासी पो-मैट्रिक बालक छात्रावास एवं अनुसूचित जाति प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास बैकुण्ठपुर के लिए बैकुण्ठपुर तहसीलदार डॉ. अमृता सिंह, आदिवासी कन्या आश्रम सारा, चिल्का, पहाड़पारा, सेंट जेवियर्स बालिका छात्रावास रामपुर एवं सेंट जेवियर्स बालिका आश्रम रामपुर के लिए डिप्टी कलेक्टर प्रियंका रानी गुप्ता, आदिवासी प्री-मैटिक कन्या छात्रावास कुड़ेली, आदिवासी कन्या आश्रम खाड़ा, बुड़ार एवं सत्तीपारा के लिए डिप्टी कलेक्टर श्रीमती दीपिका नेताम तथा आदिवासी कन्या आश्रम, अनुसूचित जाति प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास सोरगा एवं आदिवासी प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास पटना के लिए नायब तहसीलदार श्रीमती मोनल साय को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कलेक्टर श्री लंगेह ने समस्त नोडल अधिकारियों को वर्ष 2024-25 हेतु आबंटित छात्रावास /आश्रमों का निरीक्षण कर निर्धारित प्रपत्र में निरीक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है।

# सफेद हाथी साबित हो रहे मल्टीलेवल पार्किंग में प्राण डालने की होगी कोशिश

### संभव हुआ तो यहां शुरू हो सकेगा वृहद अस्पताल



**कोरबा।** बड़ी परियोजनाएं काफी कुछ सोच-समझकर और कुल मिलाकर लोगों को लाभ के साथ सहूलियत देने के इरादे से तैयार होती है और उनका क्रियान्वयन किया जाता है। कोरबा के मामले में इस तरह की अवधारणा समय-समय में टूटती रही है और इसके उदाहरण भी सामने आते रहे हैं। राताखार बायपास पर करोड़ों की लागत से तैयार मल्टीलेवल पार्किंग का नाम इसी में शामिल है। इस पर लगे सफेद हाथी के ठप्पे को दूर कैसे किया जाए, अब इस बारे में विचार चल रहा है।

गुरुवार को जिला खनिज न्यास की शासी परिषद की बैठक में मनोनीत प्रतिनिधि के अलावा अधिकारी शामिल हुए। पिछले वर्षों में हुए कार्यों के अलावा लंबित मामलों पर चर्चा हुई। 400 करोड़ के कार्यों को हरी झंडी दी गई। इसमें कई प्रकार के काम शामिल हैं। बैठक के बाद मीडिया से चर्चा में स्थानीय विधायक और प्रदेश सरकार में श्रम, उद्योग मामलों के मंत्री लखनलाल देवांगन ने बताया कि कई अहम प्रस्ताव बैठक में आए। उस पर चर्चा के साथ निर्णय लिए गए। एक सवाल के जवाब में मंत्री ने बताया कि कोरबा के मल्टीलेवल पार्किंग को उपयोगी कैसे बनाया जाए, इसके लिए भी मंथन होना है।

अगर संभव हुआ तो मौके पर और जरूरी कामकाज करते हुए उसे वृहद अस्पताल का रूप दिया जाएगा और संचालन के बारे में सोचा जाएगा। इस विषय पर जल्द ही जिला अधिकारी से मंत्रणा की जाएगी। ऐसा इसलिए होना है ताकि बीते वर्षों में करोड़ों की जो धनराशि मल्टीलेवल पार्किंग के निर्माण पर खर्च हुई है कम से कम उसका सदुपयोग हो सके।

राज्य सरकार के मंत्री के द्वारा इस मामले में शुरुआती विचार प्रस्तुत करने से अब फिर से दावे को मजबूती मिल रही है कि मल्टीलेवल पार्किंग उसी रूप में नहीं चल सकेगी, जैसा कि इसके लिए तत्कालीन निगम के अधिकारियों के द्वारा प्रोजेक्ट तैयार किया गया था। निर्माण से लेकर अब तक इसका उपयोग न होने से कई सवाल उठ खड़े हुए हैं कि आखिर इसके लिए दिमाग किसने दिया था और इसके भविष्यगत परिणामों का खाका तैयार भी किया गया या नहीं। अब जबकि पार्किंग प्रोजेक्ट पर नए तरीके से काम करने को लेकर अटकलें तेज हुई है तब यह भी कहा जा रहा है कि यहां पर बनने वाले बड़े अस्पताल का संचालन सीधे तौर पर स्वास्थ्य विभाग करेगा या किसी एजेंसी को ठेके पर दे दिया जाएगा। कारण यह है कि पिछले वर्षों में 18 करोड़ की लागत से जिला अस्पताल परिसर में ही ट्रामा सेंटर का निर्माण कराया गया था। दो-तीन साल तक स्वास्थ्य विभाग ने इस काम को किया और बाद में रायपुर के बालाजी समूह को दे दिया। उसने भारी-भरकम कमाई की और कोविड के बाद इसे अपने हाल पर छोड़ दिया। लंबे समय तक इसकी बदहाली होने के बाद पिछले वर्ष ही स्वास्थ्य विभाग ने यहां का लंबित लाखों का बिजली बिल अदा किया। कई प्रकार के सुधार कार्य किए। लंबा-चौड़ा खर्च करने के बाद अब स्वास्थ्य विभाग ने कई नए वार्ड यहां शुरू किए हैं और मेडिकल कॉलेज अस्पताल पर लगातार बन रहे मरीजों के दबाव को कम करने की कोशिश की है।

### सरकारी अस्पतालों में बढ़ रहे मरीज

कोरबा में मेडिकल कॉलेज हास्पिटल के अलावा अपर सीएचसी, शहरी स्वास्थ्य केंद्र संचालित हैं जहां पर लगातार मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो रही है। हर मौसम में ओपीडी का हाउसफुल होना बताता है कि मरीजों का विश्वास बढ़ा है। वार्डों में भी कमोबेश ऐसे ही हालात हैं। सरकार के द्वारा 5 लाख रुपए तक की फ्री चिकित्सा सुविधा का लाभ देने वाली योजना का विकल्प लोगों को मिला हुआ है। इन सबके बावजूद सरकारी अस्पतालों का क्रेज बताता है कि समय के साथ कई प्रकार के मिथक टूट रहे हैं।

## डूबने से बालक की हुई मौत



**कोरबा।** कोरकोमा में पांच वर्षीय बालक आयुष्मान महंत की डूबने से मौत हो गई। वह स्थानीय तालाब में नहा रहा था। उसके साथ कुछ और भी बच्चे थे। इसी दरम्यान आयुष्मान गहरे क्षेत्र में चला गया और वापस किनारे नहीं आ सका। इससे उसके दोस्तों में हड़कंप मच गई। परिजनों को सूचना देने के बाद यहां गोताखोर लगाए गए। बच्चे को खोज तो लिया गया लेकिन वह जीवित नहीं था। अस्पताल पहुंचाने पर उसे मृत घोषित किया गया। रजगामार पुलिस चौकी को इस बारे में अभी अवगत नहीं कराया गया है।

## कांग्रेसी शामिल होगें प्रदर्शन में

**कोरबा।** बिजली की दरो में बढ़ोत्तरी एवं अन्य मांगो को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता 24 जुलाई को रायपुर में प्रदर्शन करेगें। जिसकी तैयारियों को लेकर नेता प्रतिपक्ष डा. चरण्दास महंत व प्रदेश के पूर्व मंत्री डा. जय सिंह अग्रवाल कार्यकर्ताओं की बैठक लेगें। इस बैठक में कार्यकर्ताओं को जवाबदारी दी जाएगी। कांग्रेस नेता टीकाराम मनहरण, दिलीप सिंह, विकास शुक्ला राजेश मानिकपुरी, श्याम नारायण सोनी, अजय प्रसाद , रामगोपाल कुर्रे, नारायण कुर्रे,रामगोपाल यादव सहित अन्य कार्यकर्ता बैठक में भाग लेगें। सभी ब्लाक अध्यक्षों को जवाबदारी देते हुए कार्यकर्ताओं को ले जाने को कहा जाएगा। इस बैठक के बाद ब्लाक क्षेत्र के कार्यकर्ता तैयारी करेगें। युवा कांग्रेस विधानसभा के अध्यक्ष रहमान खान सहित अन्य कार्यकर्ता भी बैठक में शामिल होगें।

## कांशीनगर से एक व्यक्ति लापता, परिजन परेशान



**कोरबा।** वार्ड क्रमांक 21 कांशीनगर आर्य विद्या मंदिर के पास निवासरत भारद्वाज स्वर्णकार के कहीं चले जाने से परिजन परेशान हैं। 15 जुलाई को वह घर से निकला था और उसके बाद वापस नहीं आया। चार दिन से किसी प्रकार की खबर नहीं मिलने से परिजनों ने पुलिस को सूचना दी है। फोटो व अन्य जानकारीी साझा करने के साथ कहा गया कि अगर कहीं वह दिखाई दे तो 7974210961 पर अवगत कराएं।

## कांवर यात्रियों को सुविधा देने लगेगा कैंप



**कोरबा।** श्रावण मास की शुरुआत 22 जुलाई से हो रही है। पहला ही दिन सावन सोमवार का है। ऐसे में शिवालयों में जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति होगी, वहीं कांवर यात्रा करने वाले लोग भी आधी रात से पहुंचना शुरू हो जाएंगे। अर्थात उनकी यात्रा अषाढ़ पूर्णिमा की रात्रि से प्रारंभ होगी। कांवरियों को जरूरी सुविधा देने के लिए तरदा, रजकम्मा और कोरकोमा के पास बेस कैंप लगाए जा रहे हैं।

कोरबा में कांवरिया संघ के अलावा कटघोरा और कोरकोमा में नागरिक संगठन इस प्रकार के काम करने आगे आया है। पिछले वर्षों में भी इनकी भूमिकाएं सुनिश्चित हुई है। बताया गया है कि जल लेकर काफी दूरी पैदल तय करने से श्रद्धालुओं को कुछ परेशानियां हो सकती है इसलिए बीच की दूरी में प्राथमिक चिकित्सा के साथ-साथ चाय, पानी और अन्य सेवाएं दी जा रही हैं।

कांवरियों के अलावा अन्य श्रद्धालु भी यहां से सुविधा का लाभ ले सकेंगे। श्रावण मास की शुरुआत होने पर दो दिन शेष बचे हैं इसलिए जिले भर में शिवालयों में रंग-रोगन से लेकर अन्य तैयारी तेज की गई है।

## विधायक के गांव में पहुंचा दंतैल , किया गया अलर्ट



**कोरबा।** दल से बिछड़कर एक दंतैल हाथी रामपुर विधायक फुलसिंह राठिया के गांव केरवाद्वारी पहुंच गए है। बीतीरात अचानक धमके दंतैल ने यहां पहुंचते ही उत्पात मचाना शुरू कर दिया। जिससे ग्रामीण सहम गए दंतैल ने उत्पात के दौरान तीन ग्रामीणों के बाड़ी में लगे केला अंगूर व आम व अन्य पौधो को तहस नहस कर दिया दंतैल के केरवाद्वारी पहुंचने और उत्पात मचाए जाने कि सूचना मिलने पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचकर दंतैल की निगरानी शुरू कर दिया है। वहीं आसपास के गांव में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सर्तक किया जा रहा रहा है। ज्ञात रहे कोरबा वन मंडल के कुदमुरा रेंज में 30 की संख्या में हाथी कुदमुरा गांव के आसपास तीन झुंडों में बंटकर मडरा रहे है। जिसमें से एक झुंड में 24, दूसरे में 5 व 2 अन्य हाथी तीसरे दल में शामिल है। हाथियों का लोकेशन कुदमुरा परिसर के आसपास बना हुआ है। हाथियों के अलग अलग झुंडो में बटकर विचरण करने से ग्रामीणों को खतरा बढ़ गया है। सो वे खेती किसानी के लिए अपने खेतो में जाने से डर रहे है। उधर कटघोरा वन मंडल के केंदई व जटगा रेंज में बड़ी संख्या में हाथियो की मौजुदगी बनी हुई है। विभाग द्वारा हाथियों की लगातार निगरानी की जा रही है। वन विभाग इस प्रयास में जुटा हुआ है कि हाथी जंगल ही जंगल विचरण करता रहे और आबादी वाले क्षेत्र क्षेत्रों में न पंहुचने पाए । ताकि ग्रामीणों की जानमाल सुरक्षित रहें।

## लोगों को दहशत में डाला सांडों के संघर्ष ने



**कोरबा।** ओपन थिएटर घंटाघर चौराहा के पास सांडों का संघर्ष लोगों के लिए कौतूहल के साथ डर का कारण बना हुआ है। शाम 5 बजे के बाद अलग-अलग क्षेत्रों से सांडों का समूह यहां पहुंचने के साथ एक-दूसरे पर भारी पड़ने की कोशिश करता है और इस दौरान लड़ते-लड़ते बीच सड़क पर पहुंच जाता है। ऐसे में कई बार ट्रैफिक वन-वे होने की नौबत आ जाती है क्योंकि लोग नहीं चाहते कि सांड के हस्तक्षेप वाले मार्ग का चयन करे और अपनी जान जोखिम में डाले। कई जानवरों के मामले में रेस्क्यू हो भी सकता है लेकिन सांडों को कौन पकड़े यह अपने आपमें पेचिदा है।

## प्रेरक संघ ने श्रम मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**कोरबा।** साक्षर भारत कार्यक्रम के प्रेरकों ने अपनी मांगों को लेकर श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन को उनके निवास स्थान पहुंचकर ज्ञापन सौंपा तथा अवगत कराया कि हमे 31 मार्च 2018 से केंद्र सरकार द्वारा बाहर कर दिया गया है तब से लेकर आज तक हम मुख्यमंत्री मंत्री विधायक सांसद कलेक्टर अन्य सभी प्रशासनिक अधिकारी को लगातार ज्ञापन सौंपते आ रहे हैं और अपनी मांगों को रख रहे हैं।लेकिन आज तक हमारी बातों को गंभीरतापूर्वक नहीं लिया और हम सभी बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं।आगामी 21 जुलाई से होने वाले विधानसभा सत्र में मामले को गंभीरतापूर्वक उठाने के लिए मंत्री से आग्रह किया गया और रोजगार देने की बात जिला अध्यक्ष रविंद्र वाजपेयी के द्वारा रखी गई। इस अवसर पर उनके साथ प्रदेश संगठन रामकुमार चौहान, खुर्शीदा बेगम, नितिन मुकेश, भीमा देवी नेटी, उमासाव, दिनेश डांडिया, पूरन पटेल, ईश्वर श्रीवास, अयंत्री बाई, सुंदर लाल सिंदराम, शिलादेवी पटेल, शशि कैवर्त, जगदीश राज व अन्य प्रेरक उपस्थित रहे।

## पानी की गुणवत्ता पर निगरानी रखेगा पीएचई

**कोरबा।** विकासखंड कोरबा के कुछ इलाकों में पीलिया और बुखार जैसे शिकायत के साथ कुछ लोगों के पीड़ित होने के मामले को प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। संबंधित क्षेत्रों में पानी की गुणवत्ता पर लगातार निगरानी रखने को कहा गया है। इसके नमूनों की जांच भी होगी।

प्रशासन ने बताया कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और जनपद पंचायत को निर्देशित किया गया है कि वह मामले में ध्यान दे। विकासखंड कोरबा के दूरस्थ क्षेत्रों में हाल के दिनों में इस तरह के मामले आए। कारण बताया गया कि पीलिया और बुखार की चपेट में काफी समय तक रहने पर दो बालिकाओं की मौत हुई थी। इन क्षेत्र में काफी लोग पीड़ित हैं। जिला अधिकारी ने मीडिया को बताया कि लोगों को शुद्ध और स्वच्छ पेयजल प्राप्त हो इसके लिए काम होना है। इसलिए हमने प्रभावित क्षेत्रों में निगरानी करने के निर्देश दिए हैं।

## हृदयाघात से एक महिला की मौत

**कोरबा।** बंजारीडांड गांव में 60 वर्षीय महिला फूलमति बाई की हृदयाघात से मौत हो गई। बांगो पुलिस ने सूचना मिलने पर मर्ग कायम किया है। थाना प्रभारी ने बताााया कि महिला घर पर मौजूद थी तभी उसे बेचैनी हुई। उसने सीने में दर्द की शिकायत की। आनन-फानन में परिजनों के द्वारा अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सक ने परीक्षण कर उसे मृत घोषित कर दिया। माना जा रहा है कि रास्ते में ही उसकी सांसें थम गई थी।

## बगदेवा करेगा दो संगठनों के हार-जीत का फैसला

**कोरबा।** एसईसीएल में सत्यापन कार्य चल रहे है।आज कोरबा एरिया के बगदेवा व रजगामार में श्रमिक संगठन के सदस्यों का सत्यापन हो रहा है। एसईकेएमसी कई ईकाईयों में आगे रहने के बाद दूसरे नंबर पर रहता है। केन्द्रीय अध्यक्ष गोपाल नारायण , अशोक सिन्हा, संदीप चौधरी ने मिलकर अलग ही रणनीति तैयार की है। उन्होंने संगठन को बगदेवा में मजबूत किया है। यहां पर अशोक सिंह, अजीत सिंह, धनीराम उदेश्वर नायक ने मिलकर पिछले वर्ष 250 से अधिक सदस्य बनाए थे। इस बार माना जा रहा है कि बगदेवा में अच्छा परिणाम आएगा एसकेएमस नए अध्यक्ष मनीष सिंह, महामंत्री धर्मा राव व कार्यवाहक अध्यक्ष सुभाष सिंह ने धुआधार ईकाईयों की बैठक ली है। इसके निर्देश पर बगदेवा में रिषभ सिंह व विदेशी लगातार मेहनत कर रहे है। बगदेवा के चलते हर वर्ष एसकेएमएस आगे निकल जाता है। इस बार भी एसकेएमएस ने अपनी पूरी ताकत लगा दी है।


**बेचना है**

पताढ़ी स्कूल के पास बस्ती में 40 डिसमिल जमीन, मकान, ट्यूबवेल समेत बेचना है।

-:संपर्क करें :-

मो.-9826389894
9770975471
7828483667

**आवश्यकता है**

गैस एजेंसी में करने हेतु लेबर एवं ड्राईवर की आवश्यकता है।

-:संपर्क करें :-

श्री बालाजी गैसस
इ. एरिया, कोरबा
मो.-9907904651


## रेल कर्मियों ने पर्यावरण संरक्षण पर किया काम



**कोरबा।** रेल अधिकारियों और कर्मचारियों की संस्था हरियर धरती के द्वारा सामाजिक क्षेत्र में भी काम किया जा रहा है। अषाढ़ के महीने में संगठन ने पौधारोपण करने पर ध्यान दिया। बालपुर स्टेशन में यह काम किया गया। और भी क्षेत्रों में इस तरह के कार्य को विस्तार देना है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के कोरबा-चांपा रेलखंड के अंतर्गत आने वाले बालपुर स्टेशन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा शुरू किए गए अभियान का क्रियान्वयन किया गया। वहां के मुख्य स्टेशन प्रबंधक तथा सभी कर्मचारियों के साथ हरियर धरती टीम ने एक पेड़ माँ के नाम के तहत 50 पौधों को लगाया। उन सभी पौधों को ट्री गार्ड के साथ सुरक्षित भी किया गया। इस वृक्षारोपण कार्य में बालपुर के सभी कर्मचारियों का बहुत ही सराहनीय कार्य रहा। मुख्य स्टेशन प्रबंधक ने बताया कि हरियर धरती का गठन पूर्व एआरएम अवधेश त्रिवेदी के कार्यकाल में हुआ था तब से यह संस्था लगातार काम कर रही है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर उसके द्वारा आवश्यकता आधारित बिंदुओं पर काम किया गया है और ग्रामीणों के साथ खुशियों को साझा किया गया है।

## डॉ. जयपाल सिंह का निधन



**कोरबा।** शहर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. जयपाल सिंह का बीती रात निधन हो गया। उनके निधन की खबर लगते ही चिकित्सा जगत में शोक की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पर पहुंच गए और शोक संवेदना व्यक्त की। डॉ. जयपाल सिंह बेहद मिलनसार और मृदु स्वभाव के थे। मरीजों के साथ उनका व्यवहार अत्यन्त आत्मीय रहता था। 70 वर्षीय डॉक्टर सिंह ने कोरबा के एक निजी चिकित्सालय में देर रात अंतिम सांस ली। उनके दो पुत्री और एक पुत्र हैं। पुत्र पुणे में अध्ययन कर रहे हैं। उनके यहां लौटने पर डॉ. जयपाल सिंह का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## बैगापाली में बनेगी सीसी रोड एवं सामुदायिक भवन, हुआ भूमिपूजन



**कोरबा।** ग्राम पंचायत तरदा के आश्रित ग्राम बैगापाली में कोरबा लोकसभा साँसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास दास महंत के अनुसंसा से खनिज न्यास मद से 8 लाख का सामुदायिक भवन एवं रामपुर के विधायक फूलसिंह राठिया के अनुसंसा से खनिज न्यास संस्थान मद से 5.00लाख का भूमिपूजन विधायक प्रतिनिधि शांति स्वरूप महंत विशिष्ट अतिथि सचिव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बरपाली एवं पंच ग्राम पंचायत तरदा प्रकाश दास महंत ,पंच अशोक कंवर ,ग्राम महंत रूप दास महंत ,ग्राम पंचायत सचिव श्रीमती मीना राजवाड़े, दिनेश दास महंत, धना दास महंत, छत्तू दास महंत , पावर दास महंत, श्रीमती कौशिल्या यादव, दिलहरण दास, पुरन दास एवं समस्त ग्रामवासी द्वारा भूमिपूजन किया गया। विधायक प्रतिनिधि शांति स्वरूप ने अपने उद्बोधन में कहा कि ग्राम बैगापाली के विकास के लिए वे हरसंभव प्रयास करेंगे। पंच प्रकाश दास महंत ने अपने संबोधन में कहा कि बैगापाली के विकास कार्य में सहयोग देना एवं शिक्षा,स्वास्थ्य, राशन, पेंशन पेयजल अधोसंरचना हो मैं अपने ग्रामवासी को विभिन्न जनकल्याण कारी योजनाओं से लाभान्वित करना उनकी प्राथमिकता है। ग्राम में सामुदायिक भवन बनने से सामाजिक कार्यों में ग्रामवासियों को सहायता मिलेगा।ग्राम में सीसी रोड बनने से कीचड़ से निजात मिलेगा।इस कार्य के स्वीकृति के लिए सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत महंत एवं रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया का आभार जताया। भूमिपूजन में ग्राम के गणमान्य नागरिक एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।









स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com